RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष: 11 अंक: 34 | जयपुर रविवार, 02 अगस्त 2026 | मूल्य: 4 रुपए | पृष्ठ: 08

## ब्रीफ न्यूज

### सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके की तबीयत बिगड़ी



**छत्रपति संभाजीनगर, आरएनएन।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके की शनिवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई। मीडिया के मुताबिक, उनकी स्वास्थ्य स्थिति की जांच के लिए डॉक्टरों की टीम महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर स्थित उनके आवास पर पहुंची। उनके आवास पर पहुंचे डॉक्टर ने उनकी जांच के बाद उन्हें आराम करने की सलाह दी है। डॉक्टर के अनुसार, दीपके का ब्लड प्रेशर थोड़ा कम है और उन्हें उल्टी और दस्त की शिकायत है। सुबह अपने आवास के पार्किंग क्षेत्र में लोगों से मुलाकात के दौरान उन्हें असहज महसूस हुआ, जिसके बाद उनकी स्वास्थ्य जांच कराई गई। जंतर मंतर पर प्रदर्शन के बाद सीजेपी ने उन्हें टाइफ़ाइड होने की बात कही थी। अस्पताल में भर्ती होने की दीपके ने तस्वीर भी सोशल मीडिया पर साझा की थी।

### हरिद्वार में चंडीगढ़ के 4 कांवड़ियों की गंगनहर में डूबने से मौत

**हरिद्वार, आरएनएन।** चंडीगढ़ से हरिद्वार कांवड़ लेने गए 4 दोस्तों की गंगनहर में डूबने से मौत हो गई। चारों गंगाजल भरकर वापस चंडीगढ़ लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में गंगनहर में स्नान करने के लिए रुके। नहाते समय एक युवक तेज बहाव और नहर की दलदली मिट्टी में फंसकर डूबने लगा। उसे बचाने के लिए उसके तीनों साथी भी पानी में कूद गए, लेकिन तेज बहाव की चपेट में आकर चारों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही खुशियों का माहौल मातम में बदल गया। परिजन जो भी वाहन मिला, उसी से हरिद्वार के लिए रवाना हो गए। आज चारों युवकों के शव चंडीगढ़ लाए जाएंगे। मृतकों की पहचान सेक्टर-30 निवासी शिवांशु, नीतिश और भरत तथा सेक्टर-29 निवासी रोहित के रूप में हुई है।

### वर्षा अगलावे बनीं जीएसआई की पहली महिला महानिदेशक



**कोलकाता, आरएनएन।** भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के 176 साल के इतिहास में पहली बार किसी महिला को महानिदेशक बनाया गया है। वर्षा अशोक अगलावे ने शुक्रवार को संगठन की 54वीं महानिदेशक के रूप में कार्यभार संभाला। जीवाश्म विज्ञान (पैलियंटोलाजी) की विशेषज्ञ वर्षा अगलावे को भूविज्ञान के क्षेत्र में तीन दशक से अधिक का अनुभव है। भारतीय खान ब्यूरो में कार्य करने के बाद वह वर्ष 1992 में जीएसआई से जुड़ी थीं। हाल ही में वह कोलकाता स्थित जीएसआई के पूर्वी क्षेत्र की अतिरिक्त महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत थीं। उनके नेतृत्व में जीएसआई के खनिज अन्वेषण और वैज्ञानिक अनुसंधान कार्यक्रमों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### 24 बीघा भूमि पर चला बुलडोजर संभल में प्रशासन का बड़ा एक्शन

**संभल, आरएनएन।** यूपी के संभल में सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। यहां हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के मिठौली गांव में प्रशासन ने 24 बीघा सरकारी जमीन को कब्जामुक्त कराया। इस दौरान बुलडोजर चलाकर अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया, जबकि स्थायी निर्माण हटाने के लिए कब्जाधारियों को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया गया है। प्रशासन के मुताबिक, जिस जमीन पर कार्रवाई की गई, वह गाटा संख्या 359 में दर्ज है और राजस्व रिकॉर्ड में तालाब की भूमि के रूप में दर्ज है। आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने इस जमीन पर खेती शुरू कर दी थी। कुछ जगहों पर अवैध निर्माण भी कर लिए थे।

### पर्वतारोही निर्मल का एवलांच की चपेट में आने से निधन



**इस्लामाबाद, आरएनएन।** विश्वप्रसिद्ध नेपाली पर्वतारोही निर्मल पुर्जा का पाकिस्तान की काराकोरम पर्वतमाला स्थित ब्रॉड पीक पर एवलांच (हिमस्खलन) की चपेट में आने से निधन हो गया। उनकी कंपनी एलीट एक्सपेड ने शनिवार को आधिकारिक बयान जारी कर इसकी पुष्टि की। इस हादसे में अभियान दल के अन्य सदस्य भी जान नहीं बचा सके। 43 वर्षीय निर्मल पुर्जा दस सदस्यीय अंतरराष्ट्रीय दल का नेतृत्व कर रहे थे। गुरुवार को टीम कैंप-2 से कैंप-3 की ओर बढ़ रही थी, तभी करीब 6,600 मीटर की ऊंचाई पर एवलांच आ गया और सभी पर्वतारोहियों से संपर्क टूट गया। इसके बाद पाकिस्तानी बचाव दल ने हेलिकॉप्टर और ड्रोन की मदद से व्यापक खोज अभियान चलाया, लेकिन खराब मौसम के कारण राहत कार्य प्रभावित रहा। अल्पाइन क्लब ऑफ पाकिस्तान के अनुसार अभियान दल में छह नेपाली तथा पाकिस्तान, ओमान, अमेरिका और चीन के एक-एक पर्वतारोही शामिल थे। बाद में खोज अभियान के दौरान कई शव बरामद किए गए।

## पीएम मोदी ने आंध्र से कांग्रेस पर साधा निशाना

# पहले एक ही फैमिली के नाम पर होते थे एयरपोर्ट, हमने इस परंपरा को बदला...

### 5,640 करोड़ की लागत से बने अल्लूरी सीताराम राजू अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का किया उद्घाटन

● अमरावती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले के भोगापुरम में 5,640 करोड़ रुपये की लागत से बने अल्लूरी सीताराम राजू अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले एयरपोर्ट के नाम एक ही परिवार तक सीमित रहते थे, लेकिन उनकी सरकार ने इस परंपरा को बदल दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले अयोध्या एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि और पंजाब में एयरपोर्ट का नाम संत रविदास के नाम पर रखा गया। अब भोगापुरम के नए एयरपोर्ट का नाम स्वतंत्रता सेनानी अल्लूरी सीताराम राजू के नाम पर रखा गया है। पीएम मोदी ने कहा कि यह एयरपोर्ट केवल हवाई सुविधा नहीं, बल्कि उत्तर आंध्र की आर्थिक प्रगति का रनवे और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य का लॉन्च पैड है। उन्होंने बताया कि इस एयरपोर्ट के साथ सडक़, रेल और ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ी कई विकास परियोजनाओं का भी शुभारंभ किया गया है। कुल मिलाकर आंध्र




प्रदेश में करीब 18 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू हुई हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राज्य में एनडीए सरकार स्वर्ण आंध्र के विजन को तेजी से आगे बढ़ा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले 12 वर्षों में देश के एविएशन सेक्टर में उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। वर्ष 2014 तक देश में 74 एयरपोर्ट संचालित थे, जबकि अब यह संख्या बढक़र 166 हो गई है। इससे छोटे शहरों के लोगों के लिए भी हवाई यात्रा आसान हुई है।

पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ब्लू इकोनॉमी को मजबूत करने के लिए विशाखापट्टनम से कृष्णापट्टनम तक तटीय आर्थिक गलियारा विकसित कर रही है। पुराने बंदरगाहों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है, जबकि मुलापेटा और रामायापट्टनम में नए पोर्ट भी बनाए जा रहे हैं।

### मैसूरु में सांस्कृतिक युवा केंद्र विवेक स्मारक का किया शुभारंभ

आंध्र प्रदेश के कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री कर्नाटक के मैसूरु पहुंचे, जहां उन्होंने श्रीरामकृष्ण आश्रम में स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक युवा केंद्र विवेक स्मारक का उद्घाटन किया। यह स्मारक नवंबर 1892 में स्वामी विवेकानंद की मैसूरु यात्रा की स्मृति में बनाया गया है।

### आंध्र प्रदेश में चल रहे एक लाख करोड़ के रेल प्रोजेक्ट

पीएम मोदी कहा कि आंध्र प्रदेश में करीब एक लाख करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाओं पर काम चल रहा है। साथ ही, प्रधानमंत्री ने राज्य की पहली सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की आधारशिला रखने की भी घोषणा की। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण की सराहना करते हुए कहा कि दोनों के नेतृत्व में एनडीए सरकार राज्य के विकास को नई गति दे रही है। उन्होंने धिमसा नृत्य का विश्व रिकॉर्ड बनाने वाली आदिवासी महिलाओं की भी प्रशंसा की।

## जैश आतंकी हमीम मंडल की गर्लफ्रेंड अर्पिता गिरफ्तार

### बंगाल एसटीएफ ने झारखंड के साहिबगंज से दबोचा

● नई दिल्ली

जैश-ए-मोहम्मद आतंकी हमीम मंडल की गर्लफ्रेंड भी गिरफ्तार हो गई है। पश्चिम बंगाल एसटीएफ ने आतंकी हमीम मंडल की गर्लफ्रेंड अर्पिता सरकार को झारखंड के साहिबगंज से गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसियों को शक है कि अर्पिता प्रभावशाली व्यक्तियों की गोपनीय जानकारी जुटाकर हमीम तक पहुंचाती थी। जांच एजेंसियों के अनुसार हमीम और अर्पिता के बीच व्हाट्सऐप पर बातचीत के सबूत मिले हैं।

बता दें कि पश्चिम बंगाल एसटीएफ ने 31 जुलाई को जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी हमीम मंडल को पूर्वी बर्दवान जिले के बर्दवान शहर से गिरफ्तार किया था। वह दर्जी का काम करता था। आतंकी दर्जी सीएम शुभेंदु अधिकारी समेत बीजेपी के कई दिग्गज नेताओं की



रेकी कर रहा था।जांचकर्ताओं का दावा है कि पहले प्रभावशाली व्यक्तियों से संपर्क बनाया जाता था, फिर उनकी व्यक्तिगत जानकारी और दिनचर्या से संबंधित सूचनाएं एकत्र की जाती थीं। आशंका है कि ये जानकारियां हमीम तक पहुंचाई जाती थीं। जांच एजेंसियां इस पहलू की भी पड़ताल कर रही हैं कि क्या इन सूचनाओं का इस्तेमाल किसी हमले की साजिश बनाने के लिए किया जाना था। जांच एजेंसियां उसके प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से संभावित संबंधों की भी जांच कर रही हैं।

### हमीम का दीर्घनगर गांव में है पैतृक घर

हमीम का पैतृक घर पश्चिम बंगाल के पूर्व बर्दवान के मोंटेश्वर थाना क्षेत्र के दीर्घनगर गांव में है। जबकि उसका परिवार लंबे समय तक हावड़ा के पिलखाना इलाके में रहा है। हाल ही में परिवार ने बर्दवान के एक आवासीय परिसर में किराए पर फ्लैट लिया था, जो गिरफ्तारी के बाद बंद मिला। आवास के पड़ोसियों का कहना है कि उन्हें इस बात का बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि उनके पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति आतंकी है। पुलिस को शक है कि हमीम बंगाल के बड़े राजनीतिक नेताओं की गतिविधियों पर नजर रखने के काम में भी शामिल हो सकता है। फिलहाल पूरे मामले की गहराई से जांच जारी है।

## केजरीवाल ने किया पीएम हाउस तक मार्च का ऐलान

● नई दिल्ली / आरएनएन



**ई20 पेट्रोल को लेकर रखीं तीन मांगें**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में ई20 ईंधन नीति को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाते हुए तीन प्रमुख मांगें रखीं।

साथ ही केजरीवाल ने अपनी याचिका सौंपने के लिए 4 अगस्त को पीएम आवास तक मार्च करने की घोषणा की। उन्होंने कहा, पेट्रोल पंपों पर उपभोक्ताओं को विकल्प मिलना चाहिए, जो लोग ई20 पेट्रोल लेना चाहें वे उसे खरीद सकें और जो शुद्ध पेट्रोल चाहते हैं, वो शुद्ध पेट्रोल लें।

केजरीवाल ने दूसरी मांग रखते हुए कहा, ई20 पेट्रोल की क़ीमत शुद्ध पेट्रोल से कम होनी चाहिए। और तीसरा, अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में कच्चे तेल की क़ीमतों में गिरावट को देखते हुए देश में पेट्रोल का खुदरा मूल्य 84 रुपये प्रति लीटर से नीचे लाया जाना चाहिए।

## कुलगाम हमला, दूसरे मजदूर की भी मौत

**श्रीनगर, आरएनएन।** जम्मू कश्मीर के कुलगाम में शुक्रवार को कुलगाम जिले में एक ईंट-भट्ठे पर हुए आतंकवादी हमले में दूसरे मजदूर की भी मौत हो गई। ये दोनों मजदूर छत्तीसगढ़ के रहने वाले थे।

एक मजदूर की मौत शुक्रवार को ही हो गई थी। दूसरा मजदूर अस्पताल में जिंदगी-मौत की जंग लड़ रहा था।मगर शनिवार को उसने भी दम तोड़ दिया। आतंकी ने धर्म पूछकर दोनों मजदूरों को अलग करके गोली मारी थी। अधिकारियों ने बताया हमले में दोनों मजदूर घायल हो गए। इनमें से दीपक रात्रे ने अस्पताल ले जाए जाने से पहले ही दम तोड़ दिया था।

## पीएम माफ न करें, छात्रों से खुद माफी मांगें

### राहुल गांधी सुसाइड करने वाले नीट अभ्यर्थियों के परिजनों से मिले

● नई दिल्ली

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने नीट पेपर लीक को लेकर सुसाइड करने वाले बच्चों के परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित परिजनों के साथ मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं।

राहुल गांधी ने लिखा कि माता-पिता के लिए अपने बच्चे को खोने के दुख से ज्यादा दर्दनाक कुछ नहीं हो सकता। इसके साथ ही उन्होंने परीक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठाए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा। अपने एक्स पोस्ट में राहुल गांधी ने लिखा कि हर युवा की मौत के पीछे एक ऐसा परिवार होता है, जिसका दर्द कभी खत्म नहीं होता। इसके



साथ ही हमारी टूटी हुई शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े होते हैं। पेपर लीक होते हैं, परीक्षाएं रद्द होती हैं और सालों की तैयारी एक ही रात में बर्बाद हो जाती है। हमारे छात्रों से कहा जाता है कि वे ईमानदारी से मेहनत करें, लेकिन जिस सिस्टम में वे मेहनत कर रहे हैं, वही उनके साथ ईमानदार नहीं है। उन्होंने प्रधानमंत्री के वीडियो पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री छात्रों को माफ करने की बात कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने न तो किसी ऐसे माता-पिता से मुलाकात की है, जिन्होंने अपने बच्चे को खोया है और न ही किसी ऐसे छात्र के साथ बैठे हैं, जिसका भविष्य पेपर लीक की वजह से बर्बाद हो गया। उन्होंने कहा कि भारत के छात्रों को प्रधानमंत्री की माफी की जरूरत नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री को छात्रों से माफी मांगनी चाहिए।

**चेन्नई पहुंचे राहुल गांधी :** इस बीच राहुल गांधी चेन्नई पहुंच गए हैं। वे आज तमिलनाडु कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के साथ बातचीत करेंगे।

## अयोध्या के मेडिकल कॉलेज में बम बनाने वाली पर्ची मिलने से हड़कंप

### पुलिस ने सरफराज खान को पकड़ा, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

● अयोध्या

अयोध्या के मेडिकल कॉलेज में बम बनाने की पर्ची पकड़े जाने का मामला सामने आया है। इससे मेडिकल कॉलेज में हड़कंप मच गया और आननफानन में पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद, जांच के दौरान पुलिस ने छात्र सरफराज खान को कस्टडी में लिया और उससे पूछताछ शुरू की। साथ ही, नाइट ड्यूटी वाले कुछ अन्य छात्रों को



भी कस्टडी में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस घटना के सामने आने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हैं। पूछताछ में एटीएस, एसटीएफ, आईबी और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को लगाया गया है। इस घटना पर मेडिकल कॉलेज के सीएमएस डॉक्टर अरविंद सिंह ने बताया कि हमारे यहां 2025 बैच का एक एक्स-रे टेक्नीशियन स्टूडेंट है। सुबह जब आज कुछ बच्चे आए मॉर्निंग ड्यूटी में एक्स-रे रूम में पहुंचे तो उन्हें एक कागज मिला, जिस पर कुछ संदिग्ध चीजें लिखी हुई थीं। ये चीजें बम से संबंधित थीं। फिर, उन्होंने अपने सुपरवाइजर को बताया और उसके जरिए मुझे पता लगा। इसकी सूचना मैंने तत्काल पुलिस को दे दी।

डॉक्टर अरविंद सिंह ने आगे कहा कि अब इस समय पुलिस अपनी एसओपी के अनुसार कार्रवाई कर रही है। दो लोग और हिरासत में लिए गए हैं, जिसमें अभिषेक नाम का एक टेक्नीशियन भी है। जो लोग साथ में ड्यूटी पर थे उस समय रात में, उन लोगों को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

## बीपीएससी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक

### बायोमेट्रिक सुपरवाइजर के जरिए पहुंचाए गए थे जवाब, 3 गिरफ्तार



**पटना, आरएनएन।** बिहार में सरकारी भर्ती परीक्षा के कथित पेपर लीक मामले ने शिक्षा और भर्ती व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में पटना का 25 वर्षीय राज समदर्शी उर्फ राजा, वैशाली का 21 वर्षीय अभिषेक कुमार और वैशाली का ही 28 वर्षीय बायोमेट्रिक सुपरवाइजर नितेश कुमार शामिल है। मामला बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग (बीपीएसएससी) की हवलदार इंस्ट्रक्टर परीक्षा से जुड़ा है।

अधिकारियों के मुताबिक, यह परीक्षा 5 अगस्त को प्रस्तावित थी, लेकिन कथित पेपर लीक की जांच सामने आने के बाद इसे अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। इस फैसले से परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों में भी हड़कंप मच गया है। आर्थिक अपराध इकाई की ओर से जारी बयान के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली थी कि राज समदर्शी बुधवार को हाजीपुर केंद्र पर आयोजित होमगार्ड सर्विस इंस्ट्रक्टर परीक्षा में शामिल होने वाला है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान राज ने कथित तौर पर अभिषेक कुमार की भूमिका के बारे में जानकारी दी।

जांच में पुलिस के सामने एक और अहम कड़ी सामने आई। ईओयू के मुताबिक, आरोप है कि परीक्षा के प्रश्नपत्र के उत्तर बायोमेट्रिक सुपरवाइजर नितेश कुमार के जरिए राज समदर्शी तक पहुंचाए गए थे। नितेश वैशाली का रहने वाला है और परीक्षा केंद्र पर बायोमेट्रिक प्रक्रिया से जुड़ी जिम्मेदारी निभाता था। उसकी गिरफ्तारी ने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया है।

## बिहार: मगरमच्छ को कंधे पर उठा थाने पहुंचा किसान

### नजारा देख चौंक गई पुलिस

● सुपौल



बिहार के सुपौल जिले से एक हैरान करने वाला वीडियो सामने आया है, जहां एक किसान करीब पांच फीट लंबे मगरमच्छ को कंधे पर लादकर पैदल थाने पहुंच गया। यह पूरा मामला भीमनगर थाना क्षेत्र के लालपुर वार्ड-14 का है।

धान के खेत में काम कर रहे किसानों को अचानक मगरमच्छ दिखाई दिया, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुटने लगी। अचानक खेत में मगरमच्छ नजर आने से शुरुआत में ग्रामीण सहम गए। हालांकि, कुछ देर बाद किसानों ने सूझबूझ दिखाई और बिना उसे नुकसान पहुंचाए पकड़ने की कोशिश की। मगरमच्छ को काबू में करने के बाद उसका मुंह रस्सी से बांध दिया गया, ताकि वह किसी को नुकसान न पहुंचा सके। इसके बाद किसान अमित कुमार ने मगरमच्छ को अपने कंधे पर उठाया और पैदल भीमनगर थाना की ओर निकल पड़ा। रइसके बाद अमित मगरमच्छ को लेकर भीमनगर थाना पहुंच गया। थाना परिसर में पहुंचते ही पुलिस चौंक गई और वन विभाग को इसकी जानकारी दी।

## पीएम मोदी से इतना प्यार है तो विदेश में क्यों रहते हो

### विवेक ओबेरॉय-माधवन पर राज ठाकरे का तंज



**मुंबई,आरएनएन।** महाराष्ट्र नवनिर्माण विद्यार्थी सेना के 20वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे ने अपने संबोधन में बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय और आर. माधवन का नाम लेते हुए पूछा कि अगर उन्हें देश और पीएम मोदी से इतना ही प्यार है, तो वे भारत में रहने के बजाय विदेश में क्यों बस गए हैं? इस दौरान, उन्होंने कहा, विवेक, माधवन दोनों दुबई में रहते हैं। अगर देश या पीएम से वाकई इतना प्रेम है, तो विदेश में रहने की क्या मजबूरी है? सिर्फ स्पॉन्सर्ड फिल्मों की शूटिंग करने भारत आना, फिर वापस लौट जाना सही बात नहीं है। दरअसल, ठाकरे ने इन दोनों अभिनेताओं का नाम यूं ही नहीं लिया। इसके पीछे वजह यह है कि विवेक ओबेरॉय ने फिल्म पीएम नरेंद्र मोदी में पीएम मोदी का किरदार निभाया था। वहीं, माधवन ने फिल्म धुरंधर में अजीत डोभाल का किरदार निभाया है। इसी वजह से ठाकरे ने दोनों का नाम लेकर उन पर निशाना साधा।

# 70 लाख की लालच में भरोसे का कत्ल, मुनीम ने दोस्त संग रची फाइनेंसर की मौत की साजिश

## फाइनेंसर हत्याकांड का सनसनीखेज खुलासा, 70 लाख के लिए रची मौत की पटकथा, एक गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा मूलचन्द पेसवानी** करोड़ों की संपत्ति और 70 लाख रुपए की नकदी हड़पने की हवस ने एक भरोसेमंद रिश्ते को खौफनाक साजिश में बदल दिया। भीलवाड़ा जिले में चर्चित फाइनेंसर शोभालाल जैन हत्याकांड में पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि इस सनसनीखेज वारदात का मुख्य आरोपी और मृतक का मुनीम अब भी पुलिस की गिरफ्त से दूर है। जांच में सामने आया है कि लंबे समय से बनाई जा रही साजिश के तहत पहले फाइनेंसर की हत्या की गई, फिर शव के हाथ-पैर बांधकर उसे गहरे कुएं में फेंक दिया गया ताकि घटना को दुर्घटना का रूप दिया जा सके। जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा ने बताया कि इस बहुचर्चित हत्याकांड में आरोपी नारायण लाल को उदयपुर से गिरफ्तार किया गया है। जबकि मृतक का मुनीम रोशन गुर्जर अब भी फरार चल रहा है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपियों की नजर शोभालाल जैन की करोड़ों रुपए की प्रॉपर्टी और उनके पास मौजूद करीब 70 लाख रुपए नकद पर थी। इसी लालच में दोनों ने मिलकर हत्या की साजिश रची और उसे अंजाम दिया।



पुलिस के अनुसार, यह साजिश अचानक नहीं बनी थी। आरोपी रोशन को अच्छी तरह पता था कि शोभालाल जैन के पास बड़ी मात्रा में नकदी रहती है। इसी जानकारी के आधार पर उसने अपने दोस्त नारायण लाल को साथ मिलाया और हत्या की पूरी योजना तैयार की। दोनों ने पहले 16 जुलाई को सांवरियाजी यात्रा के दौरान वारदात को अंजाम देने की कोशिश की थी, लेकिन उस दिन शोभालाल के साथ उनके भाई मदनलाल जैन मौजूद होने से आरोपियों को मौका नहीं मिल पाया। बागोर




थाना अधिकारी बच्छराज ने बताया कि दो दिन बाद 18 जुलाई को आरोपियों ने अपनी योजना को अंतिम रूप दिया। पुलिस के अनुसार, जब शोभालाल जैन, रोशन और नारायण सिरियारी से वापस लौट रहे थे, तभी सुनसान स्थान पर कार के भीतर वारदात को अंजाम दिया गया। नारायण ने पीछे से शोभालाल के दोनों हाथ कसकर पकड़ लिए, जबकि रोशन ने उनका मुंह दबाकर गला घोंट दिया। जब उन्हें यकीन हो गया कि उनकी मौत हो चुकी है, तब मुंह पर टेप चिपकाकर उसे पूरी तरह बंद कर दिया ताकि किसी तरह की आवाज या पहचान का कोई सुराग न बचे। इतना ही नहीं, हत्या के बाद आरोपियों ने शव को ठिकाने लगाने के लिए भी पूरी तैयारी कर रखी थी। पुलिस जांच में सामने आया कि घटनास्थल के पास पड़े बिजली के पोल को शव के पैरों से बांध दिया गया, ताकि शव पानी में डूबा रहे और लंबे समय तक बाहर न आ सके। इसके बाद हाथ-पैर बांधकर शव को मदनपुरा स्थित गहरे कुएं में फेंक दिया गया। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी 70 लाख रुपए लेकर मौके से फरार हो गए। घटना का खुलासा 26 जुलाई को हुआ, जब मदनपुरा के कुएं में एक शव होने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही बागोर थाना पुलिस, एसडीआरएफ की टीम और क्रेन मौके पर पहुंची। घंटों की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। शव की स्थिति बेहद खराब थी। मृतक के हाथ-पैर तारबंदी वाले पोल से बंधे हुए थे तथा मुंह पर कपड़ा बंधा हुआ था। शव की पहचान फाइनेंसर शोभालाल जैन के रूप में होने के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर विशेष जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, साइबर इनपुट और विभिन्न पहलुओं पर गहन पड़ताल की। बागोर थाना पुलिस, जिला विशेष टीम (डीएसटी) और साइबर शाखा की संयुक्त कार्रवाई में आरोपी नारायण लाल को उदयपुर से गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी बच्छराज ने बताया कि गिरफ्तारी के दौरान नारायण ने पुलिस को चकमा देकर भागने का प्रयास किया, लेकिन इसी दौरान वह सीढ़ियों से गिर गया, जिससे उसके दाहिने पैर में चोट आ गई। प्राथमिक उपचार के बाद उसे पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस पूछताछ में यह भी सामने आया है कि मुनीम रोशन ने अपने साथी नारायण को हत्या में सहयोग करने के बदले 10 लाख रुपए देने का लालच दिया था। इसी लालच में नारायण इस जघन्य अपराध में शामिल हो गया। पुलिस का मानना है कि फरार मुनीम रोशन की गिरफ्तारी के बाद इस पूरे हत्याकांड से जुड़े कई और महत्वपूर्ण खुलासे हो सकते हैं। फिलहाल पुलिस की कई टीमें मुख्य आरोपी रोशन गुर्जर की तलाश में लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस दिल दहला देने वाली वारदात ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि दौलत की अंधी लालच इंसान को किस हद तक अपराध की गहराइयों में धकेल सकती है।

## भवानीपुरा के जंगल में जंगली जानवर की दस्तखत से दहशत, पगमार्क मिले

### वन अधिकारियों ने जरख होने की जताई संभावना

### गाय की बछड़ी का किया शिकार

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर ( सांवर वैष्णव )** सवाईपुर क्षेत्र भवानीपुरा ( बड़लियास ) गांव के जंगल में शुक्रवार रात को एक अज्ञात जंगली जानवर की हलचल देखे जाने से आसपास के ग्रामीणों और पशुपालकों में भारी दहशत फैल गई है । जानवर की मौजूदगी की खबर जंगल की आग की तरह फैल गई, जिसके बाद ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी । स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, गांव के पास स्थित झाडियों और पथरीले इलाके में एक जंगली जानवर को घूमते हुए देखा गया । जेसीबी मशीन के चालक ने इसका एक धुंधला फोटो लिया, जिसमें रात के अंधेरे में दूर एक जानवर बैठा हुआ दिखाई दिया, जंगली जानवर ने एक गाय बछड़ी को भी अपना शिकार बनाया । इसके साथ ही मौके पर जानवर के पगमार्क ( पंजों के निशान ) भी पाए गए हैं । पगमार्क मिलने के बाद ग्रामीणों में यह अफवाह फैल गई कि क्षेत्र में पैंथर (तेंदुआ) आ गया है, जिससे लोग



अपने मवेशियों और सुरक्षा को लेकर चिंतित हो उठे ।

**सूचना पर दौड़ी वन विभाग की टीम**

घटना की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग की टीम तुरंत सतर्क हुई। सूचना मिलते ही कोटड़ी के कार्यवाहक वनपाल कमलेश रेगर, वन रक्षक चांदनी जैन तथा वन रक्षक श्रवण राम मौके पर पहुंचे । वन विभाग की टीम ने भवानीपुरा के जंगल और आसपास के क्षेत्रों में गहन कॉम्बिंग की तथा जमीन पर बने पगमार्क का बारीकी से निरीक्षण किया । कार्यवाहक वनपाल कमलेश रेगर ने बताया कि शुरुआती जांच और पगमार्क के आकार के आधार पर यह संभवतः कोई पैंथर नहीं, बल्कि जरख हो सकता है । हालांकि, स्थिति पूरी तरह स्पष्ट करने के लिए आसपास के इलाकों में निगरानी बढ़ाई गई ।

**ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील**

वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों और पशुपालकों से पैनिक न होने की अपील की है। कार्यवाहक वनपाल कमलेश रैगर ने ग्रामीणों को हिदायत दी है कि वे अकेले सुनसान या जंगली इलाकों में जाने से बचें और रात के समय अपने पालतू मवेशियों को बाड़ों में सुरक्षित बांधकर रखें । यदि किसी भी प्रकार का संदेहास्पद मूवमेंट पुनः दिखाई दे,तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें ।।

## *10 महीने से चल रही सड़क निर्माण प्रक्रिया के बावजूद आनन-फानन में हुआ पोल लगाने का काम*

### पीडब्ल्यूडी और बिजली विभाग की मिलीभगत के भी लगे आरोप



स्मार्ट हलचल

**मंगरोप@मुकेश खटीक।** मंगरोप-भीलवाड़ा मार्ग पर इन दिनों सड़क निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है,लेकिन इसी बीच बिजली विभाग की कार्यशैली को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है।ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग के ठेकेदार ने सड़क निर्माण की वास्तविक जरूरतों की अनदेखी करते हुए अपनी मनमर्जी से सड़क के दोनों ओर अव्यवस्थित ढंग से नए बिजली के पोल गाड़ दिए,जो अब निर्माण कार्य में भी बाधा बनते नजर आ रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि मंगरोप-भीलवाड़ा मार्ग के साथ-साथ मंगरोप कस्बे और झोपड़िया रोड सहित अन्य स्थानों पर भी पोल लगाने का कार्य जल्दबाजी में किया गया। उनका आरोप है कि पिछले करीब 10 महीनों से सड़क निर्माण की प्रक्रिया चल रही थी और विभागों को इसकी पूरी जानकारी थी।इसके बावजूद बिजली विभाग ने समय रहते समन्वय नहीं किया। ग्रामीणों के अनुसार,जिन स्थानों पर सड़क निर्माण के बाद पोल लगाने या शिफ्टिंग की आवश्यकता पड़नी थी,वहां संभावित तीन महीने में चरणबद्ध तरीके से होने वाले कार्य को महज एक महीने में ही पूरा कर दिया गया।उनका आरोप है कि यह पूरा काम केवल भविष्य में दोबारा पोल शिफ्टिंग दिखाकर अतिरिक्त शिफ्टिंग चार्ज वसूलने की मंशा से किया गया है।ग्रामीणों ने बिजली विभाग और पीडब्ल्यूडी की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए दोनों विभागों की मिलीभगत का आरोप लगाया है।उनका कहना है कि यदि दोनों विभागों के बीच बेहतर समन्वय होता तो सड़क निर्माण से पहले पोलों की वैज्ञानिक और व्यवस्थित प्लानिंग की जाती,जिससे सरकारी धन की बचत होती और निर्माण कार्य भी प्रभावित नहीं होता।ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा सड़क निर्माण की रूपरेखा के अनुरूप बिजली के पोलों का पुनः सर्वे कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।उनका कहना है कि यदि समय रहते स्थिति नहीं सुधारी गई तो भविष्य में सड़क चौड़ीकरण और यातायात व्यवस्था दोनों प्रभावित हो सकते हैं,साथ ही सरकारी राजस्व को भी अनावश्यक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## अपराध नियंत्रण के साथ जनसेवा में भी अग्रणी राजस्थान पुलिस

# साइबर पीड़ित को राहत, खोया बैग लौटाया, बिखरता परिवार जोड़ा, महिला की चेन बचाई और मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को परिजनों से मिलाया

स्मार्ट हलचल

**जयपुर/अजमेर ।** महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में राजस्थान पुलिस अपराध नियंत्रण के साथ-साथ जनसेवा, संवेदनशीलता और मानवीय पुलिसिंग का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। ऐसे ही कुछ उदाहरण अजमेर पुलिस ने प्रस्तुत किए है जहां जिला पुलिस अधीक्षक श्री हर्षवर्धन अग्रवाला के नेतृत्व में अलग-अलग मामलों में पुलिस अधिकारियों एवं कार्मिकों की तत्परता, ईमानदारी और मानवीय कार्यशैली से न केवल पीड़ितों को राहत मिली, बल्कि समाज में पुलिस के प्रति विश्वास भी और मजबूत हुआ। उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कार्मिकों को जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशंसा पत्र एवं प्रोत्साहन प्रदान किया गया।

**कैंसर पीड़िता के इलाज हेतु बैंक खाता अनफ्रीज कराया**

कृष्णगंज थाना में दर्ज साइबर धोखाधड़ी के एक प्रकरण की जांच के दौरान पुलिस ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए हरियाणा निवासी एक खाताधारक को राहत प्रदान की। जांच में संबंधित खाते में साइबर ठगी की 3,600 रुपये की राशि मिलने पर खाता फ्रीज किया गया था। बाद में यह सामने आया कि खाताधारक स्वयं साइबर ठगी का शिकार है और उसकी माता कैंसर से पीड़ित हैं। हेड कांस्टेबल रामदयाल ने स्थानीय पुलिस से



सत्यापन कर आवश्यक कार्रवाई करवाई तथा प्रकरण से संबंधित राशि सुरक्षित रखते हुए शेष राशि के उपयोग की अनुमति दिलाई, जिससे पीड़ित अपनी माता का उपचार और ऑपरेशन करा सका। खाताधारक ने ई-मेल के माध्यम से अजमेर पुलिस का आभार व्यक्त किया।

**ईमानदारी की मिसालः तीन लाख रुपये से अधिक मूल्य का बैग लौटाया**

रेलवे स्टेशन के बाहर ड्यूटी पर तैनात क्लॉक टावर थाना के हेड कांस्टेबल लाखन सिंह को लावारिस बैग मिला। जांच में बैग से 11,500 रुपये नकद, दो सोने की अंगूठियां, एक सोने की चेन तथा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले, जिनकी कुल अनुमानित कीमत करीब 3 लाख रुपये थी। राजकॉप सिटीजन पोर्टल की सहायता से बैग की स्वामिनी रेलवे कर्मचारी श्रीमती मीनाक्षी सिंह का पता लगाकर समस्त सामान सुरक्षित लौटाया गया। इस सराहनीय कार्य पर हेड कांस्टेबल लाखन सिंह को प्रशंसा पत्र एवं 5 हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

**महिला थाना की काउंसलिंग से बिखरता परिवार फिर हुआ एक**

महिला थाना, अजमेर ने एक वैवाहिक विवाद में धैर्यपूर्ण एवं संवेदनशील काउंसलिंग के माध्यम से पति-पत्नी के बीच आपसी मतभेद दूर कर सौहार्दपूर्ण राजीनामा कराया। थाना प्रभारी कल्पना राठौड़ एवं हेड कांस्टेबल रामसहाय के सकारात्मक प्रयासों से दोनों पक्ष पुनः साथ रहने को सहमत हुए। इस मानवीय पहल की दोनों परिवारों ने सराहना की।

**होमगार्ड जवान की सतर्कता से चेन स्नेचिंग की वारदात नाकाम**

आदर्श नगर-लोहाखान रूट पर संचालित टेम्पो में यात्रा के दौरान एक महिला के गले से सोने की चेन छीनने का प्रयास कर रही दो महिलाओं को उसी टेम्पो में मौजूद होमगार्ड जवान धुरेन्द्र सिंह ने साहस और सूझबूझ से मौके पर ही पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची सिविल लाइन थाना पुलिस ने दोनों महिलाओं को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से टूटी हुई सोने की चेन बरामद कर पीड़िता को लौटाई। होमगार्ड जवान धुरेन्द्र सिंह को भी प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

**मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को परिजनों से मिलाया**

रूपनगढ़ थाना क्षेत्र में मानसिक रूप से अस्वस्थ अवस्था में मिली एक महिला को पुलिस ने सुरक्षित संरक्षण में लेकर उसकी पहचान के लिए लगातार प्रयास किए। सोशल मीडिया, पुलिस नेटवर्क और स्थानीय स्तर पर जानकारी जुटाने के बाद महिला की पहचान गीता कुमावत के रूप में हुई। आवश्यक सत्यापन के बाद महिला को सकुशल उसके परिजनों को सौंप दिया गया। इस मानवीय कार्य के लिए सहायक उपनिरीक्षक बनवारीलाल विश्नोई, कांस्टेबल गीता एवं कांस्टेबल राकेश को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**कर्तव्यनिष्ठ पुलिसकर्मियों का किया सम्मानित**

जिला पुलिस अधीक्षक श्री हर्षवर्धन अग्रवाला ने कहा कि अपराधों की प्रभावी जांच के साथ-साथ आमजन के प्रति संवेदनशील, मानवीय एवं सेवा-भाव से कार्य करना अजमेर पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कार्मिकों को आगे भी इसी प्रकार प्रोत्साहित किया जाता रहेगा, ताकि पुलिस और आमजन के बीच विश्वास का संबंध और अधिक मजबूत हो सके।

## *घर पर दाल-रोटी खाने के बाद एक ही परिवार के 8 जनों की बिगड़ी हालत, तीन महिलाएं और तीन बच्चों समेत 8 लोग अस्पताल में भर्ती*

स्मार्ट हलचल

**पुनित चपलोत भीलवाड़ा।** जिले के शाहपुरा थाना क्षेत्र के भीमपुरा गांव में शनिवार सुबह एक ही परिवार के आठ लोगों की अचानक तबीयत बिगड़ने से हड़कंप मच गया। परिवार के सभी सदस्यों ने शुक्रवार रात घर पर बनी चने की दाल और रोटी खाई थी। रात को सभी सामान्य थे, लेकिन सुबह उठते ही एक-एक कर सभी को उल्टी, दस्त, घबराहट और बेचैनी की शिकायत होने लगी। परिजनों ने



तत्काल सभी आठ लोगों को शाहपुरा उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने सभी को भीलवाड़ा के महात्मा गांधी चिकित्सालय रेफर कर दिया, जहां उनका उपचार जारी है। अस्पताल में भर्ती देवा खारोल ने बताया कि शुक्रवार रात पूरे परिवार ने घर पर बनी चने की दाल और रोटी खाई थी। सुबह उठने पर पहले एक सदस्य की तबीयत बिगड़ी और फिर देखते ही देखते सभी बीमार हो गए। उन्होंने आशंका जताई कि संभवतः दाल में कोई जहरीला कीड़ा या अन्य विषैला जीव गिर गया होगा, जिससे फूड पॉइजनिंग जैसी स्थिति बनी। बीमार होने वालों में तीन महिलाएं, दो पुरुष और तीन बच्चे शामिल हैं। चिकित्सक सभी की निगरानी में उपचार कर रहे हैं। फिलहाल सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है। प्रारंभिक तौर पर इसे संदिग्ध फूड पॉइजनिंग का मामला माना जा रहा है।

## आसींद में मानसी नदी में धड़ल्ले से बजरी दोहन, सरकारी भूमि पर लाखों टन बजरी का अवैध स्टॉक



### ग्रामीणों द्वारा सरकारी हेल्पलाइन व आसींद पुलिस को शिकायत, नदारत प्रशासन

**दिनेश साहू आसींद (भीलवाड़ा)।** आसींद क्षेत्र की करजालिया ग्राम पंचायत के डोटा गांव में सरकारी भूमि पर लाखों टन अवैध बजरी का स्टॉक होने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि इस संबंध में कई बार हेल्पलाइन और आसींद पुलिस को शिकायतें दर्ज कराई गईं, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र से होकर गुजरने वाली मानसी नदी में लंबे समय से दिन-रात अवैध बजरी का दोहन किया जा रहा है। उनका आरोप है कि नदी से निकाली जा रही बजरी का बड़े पैमाने पर सरकारी भूमि पर अवैध भंडारण किया गया है। दुल्हेपुरा, करजालिया और डोटा गांव के ग्रामीणों का कहना है कि बजरी माफियाओं ने नदी किनारे स्थित कृषि भूमि को भी नहीं छोड़ा। भारी वाहनों और मशीनों की आवाजाही से खेतों को नुकसान पहुंच रहा है तथा नदी का प्राकृतिक स्वरूप भी प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सरकारी भूमि पर किए गए कथित अवैध बजरी स्टॉक और मानसी नदी में हो रहे अवैध खनन की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो अवैध खनन का दायरा और बढ़ सकता है।

## अजय खोईवाल बने एनएसयूआई राजस्थान के प्रदेश सचिव

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार एनएसयूआई राजस्थान के संगठन महासचिव मुकेश नराणियां द्वारा भीलवाड़ा निवासी अजय खोईवाल को एनएसयूआई राजस्थान का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। छात्रनेता विजेश कुमार चन्देल ने बताया कि रिको चौथा फेज, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी (भीलवाड़ा) निवासी श्री देवी लाल खोईवाल के सुपुत्र अजय खोईवाल को प्रदेश संगठन पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।साथ ही संगठन नेतृत्व ने विश्वास व्यक्त किया है कि अजय खोईवाल संगठन को और अधिक सशक्त बनाएंगे तथा अपने पदों एवं दायित्वों का पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। अजय खोईवाल की इस नियुक्ति पर स्थानीय कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं छात्र नेताओं ने खुशी जाहिर करते हुए शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया व नवनियुक्त प्रदेश सचिव को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## तरबूज से भरा टेंपो लूटकर भागा चालक, दो महीने बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा

### करोई थाना पुलिस ने 100 से ज्यादा CCTV फुटेज खंगालकर आरोपी को दबोचा, लूटा गया टेंपो व माल बरामदगी की कार्रवाई जारी

**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** जिले की करोई थाना पुलिस ने टेंपो लूट और चोरी के चर्चित मामले का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने किराये पर लिया गया टेंपो लेकर चालक पर हमला किया और तरबूज से भरे वाहन सहित फरार हो गया था। करीब दो महीने तक फरार रहने के बाद पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज की मदद से उसे दबोच लिया। पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बुद्धराज तथा गंगापुर पुलिस उपाधीक्षक सुदर्शन पालीवाल के सुपरविजन में थानाधिकारी सियाराम के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने साइबर सेल के सहयोग से घटनास्थल से जुड़े रूट का विश्लेषण किया और लगातार तकनीकी निगरानी के बाद आरोपी तक पहुंच बनाई। पुलिस के अनुसार 25 मई को दौलपुरा निवासी टेंपो चालक को आरोपी नारू उर्फ नारायण बैरवा ने फार्म हाउस पर तरबूज पहुंचाने के बहाने वाहन किराये पर लिया। रास्ते में सुनसान स्थान पर चालक पर धारदार वस्तु से हमला कर घायल कर दिया और टेंपो, उसमें भरे करीब 30 क्विंटल तरबूज तथा मोबाइल लेकर फरार हो गया। इस संबंध में करोई थाने में मामला दर्ज किया गया था । गिरफ्तार आरोपी नारू उर्फ नारायण पुत्र श्योराम उर्फ सवाईराम बैरवा (31) निवासी गेगपुरा, थाना राशमी (चित्तौड़गढ़) का आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है। उसके खिलाफ पहले से आर्म्स एक्ट, अपहरण, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं। पुलिस अब लूटे गए टेंपो और अन्य सामान की बरामदगी के प्रयास में जुटी है।



### मोहनलाल सुखाड़िया की जयंती पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि, जनसेवा के आदर्श अपनाने का आह्वान

# सुखाड़िया के आदर्शों पर चलते हुए कांग्रेसजन कार्यकर्ता जनसेवा को दे सर्वोच्च प्राथमिकता : शिवराम खटीक

**शहर कांग्रेस अध्यक्ष शिवराम (जी.पी.) खटीक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर किए पुष्प अर्पित, संगठन मजबूत करने का लिया संकल्प**

**स्वर्गीय सुखाड़िया का जीवन सुशासन, विकास और जनकल्याण की प्रेरणा है : एडवोकेट कुणाल ओझा**

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा (पंकज पोरवाल)।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं आधुनिक राजस्थान के निर्माता माने जाने वाले स्वर्गीय मोहनलाल सुखाड़िया की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) की ओर से सुखाड़िया सर्कल स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष शिवराम (जी.पी.) खटीक ने किया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर सुखाड़िया के योगदान को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिवराम खटीक ने कहा कि मोहनलाल सुखाड़िया ने राजस्थान में शिक्षा, सिंचाई, कृषि, सामाजिक न्याय और विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए। उनके दूरदर्शी नेतृत्व के कारण उन्हें आज भी आधुनिक राजस्थान के निर्माता के रूप में सम्मानपूर्वक याद किया जाता है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से सुखाड़िया के आदर्शों पर चलते हुए जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। इस अवसर पर शिवराम जी.पी. खटीक ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी जनआंदोलनों और चुनावी तैयारियों में पूरी एकजुटता और निष्ठा से जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा प्रदेश और देश के समग्र विकास की आधारशिला है। एडवोकेट कुणाल ओझा ने कहा कि स्वर्गीय सुखाड़िया का जीवन सुशासन, विकास और जनकल्याण की प्रेरणा है। उन्होंने किसानों, गरीबों, शिक्षा और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए जो कार्य किए, वे आज भी कांग्रेस की जनहितकारी विचारधारा को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और विकास पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसजन, पीसीसी सदस्य, ब्लॉक अध्यक्ष, अग्रिम संगठनों के जिलाध्यक्ष, मंडल एवं वार्ड अध्यक्ष, विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, पार्षद, पार्षद प्रत्याशी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रमुख रूप से धर्मेंद्र पारीक, राधेश्याम भड़ाणा, हारून रंगरेज, सत्यवीर सिंह राठौड़, डॉ. फरियाद, योगेश सोनी, निसार सिलावट, चंद्रप्रकाश अमरवाल, गुडविन मसीहा, सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में शिवराम जी.पी. खटीक ने सभी उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस परिवार महापुरुषों के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने और जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगा।

# जीजा और उसके साथी ने मिलकर किशोरी को उतारा मौत के घाट

**दोनो आरोपी दो नाली बंदूक के साथ गिरफ्तार**

स्मार्ट हलचल



**बनेडा, जे पी शर्मा।** थाना सर्किल के आमली गांव में शुक्रवार सायं एक किशोरी की खून सनी लाश मिलने से सनसनी फैल गई, मामला में हत्या की आशंका होने पर जिला मुख्यालय से फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। जहां पर टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए । साथ ही पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए। हत्या के मामले में मृतका के जीजा और सहयोगी को गिरफ्तार करते हुए मामलें का पटाक्षेप किया। वही मृतका के शव को मोर्चरी में रखवाया गया था। जिसका शनिवार को महात्मा गांधी चिकित्सालय में पांच सदस्यों के मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि इस मामले में शाहपुरा थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने 31 जुलाई को रात्रि थाने में दर्ज कराई अपनी रिपोर्ट में बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री आमली गांव में अपने ममेरी बहन के पास रह कर मजदुरी कर रही थी। 30 जुलाई की शाम को करीब सात बजे किशोरी ने उसे फोन कर के बताया कि जीजा किशन नाथ उसके साथ छेड़छाड़ कर रहा है। जिस पर समझाने के बाद फोन काट दिया। बाद में रात्रि के करीब 11 बजे दिनेश नाथ ने उसे फोन करके बताया कि उसकी पुत्री का एक्सीडेंट हो गया है। जिसमें उसका पांव फ्रैक्चर हो गया है। उसे जल्दी आने को कहा। जिसके बाद वह दिल्ली से रवाना होकर के 31 जुलाई को सायं 5 बजे वह आमली गांव स्थित किशन नाथ के घर पहुंचा। इस दौरान घर पर कोई नहीं था। एक कमरा खुला हुआ था। अन्दर देखा तो कमरे में पुत्री की लाश पडी हुई है। जिसके सीने एवं पीछे पीठ पर गोली लगीं हुईं हैं। तथा लाश के पास खुन फैला हुआ है। जिस पर मामले की सुचना पुलिस को दी। जिसके तुरंत बाद थाना प्रभारी मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे। पिता ने अपनी पुत्री की गुरुवार रात्री मे किशन नाथ पुत्र बाबू उर्फ पप्पू नाथ मीना नाध पत्नी किशन नाथ दिनेश नाथ पुत्र बाबू उर्फ पप्पू नाथ तथा मीना नाथ पत्नी दिनेश नाथ कालबैलिया ने नाथ की गोली मारकर हत्या करने के बाद मामले को एक्सीडेंट का रूप देने का प्रयास किया है पुलिस ने जांच के बाद हत्या के मामले में आरोपी जीजा किशन नाथ कालबैलिया को गिरफ्तार करने के साथ ही हत्या के काम में ली गई दूनाली बंदुक जब्त करने में सफलता प्राप्त की है। वही हत्या में सहयोग करने के मामले में पुलिस ने दिनेश नाथ को गिरफ्तार किया है।

# तीन नगरपालिकाएं बिना नियमित अधिशासी अधिकारी, अतिरिक्त प्रभार के चलते अटके जनहित के काम

**मांडलगढ़, बीगोद और बिजौलियां में मूल अधिकारियों की नियुक्ति की मांग तेज, आमजन को उठानी पड़ रही परेशानी**

स्मार्ट हलचल



**मांडलगढ़,।** मांडलगढ़, बीगोद एवं बिजौलियां नगरपालिकाओं में अधिशासी अधिकारियों के पद लंबे समय से रिक्त होने के कारण अतिरिक्त प्रभार के भरोसे प्रशासनिक व्यवस्था संचालित हो रही है। इससे तीनों नगरपालिकाओं में आमजन के आवश्यक कार्य समय पर नहीं होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार मांडलगढ़ उपखंड अधिकारी श्रीमती स्वाति को नगरपालिका मांडलगढ़ का अतिरिक्त कार्यभार, मांडलगढ़ तहसीलदार रामेश्वरलाल रैगर को नगरपालिका बीगोद तथा बिजौलियां तहसीलदार ललित डिडवानिया को नगरपालिका बिजौलियां के अधिशासी अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अधिकारियों पर पहले से ही अपने मूल विभागीय दायित्व होने के कारण अतिरिक्त जिम्मेदारियों का प्रभाव प्रशासनिक कार्यों पर भी पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि नगरपालिकाओं में भवन निर्माण स्वीकृति, नामांतरण, पट्टों से जुड़े प्रकरण, सफाई व्यवस्था, विकास कार्यों की स्वीकृति सहित कई आवश्यक कार्य समय पर नहीं हो पा रहे हैं। इससे लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि नियमित अधिशासी अधिकारियों की नियुक्ति नहीं होने से नगरपालिकाओं की कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है। वहीं आगामी चुनावों को देखते हुए यह मुद्दा जनप्रतिनिधियों के लिए भी चुनौती बन सकता है। क्षेत्रवासियों ने राज्य सरकार एवं स्वायत्त शासन विभाग से मांग की है कि मांडलगढ़, बीगोद और बिजौलियां नगरपालिकाओं में शीघ्र नियमित अधिशासी अधिकारियों की नियुक्ति की जाए, ताकि प्रशासनिक कार्यों में तेजी आए और आमजन को राहत मिल सके।

# हरियालो राजस्थान अभियान के तहत कादीसहना विद्यालय में 800 पौधों का वृहद वृक्षारोपण

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा@(किशन वैष्णव)** राजस्थान सरकार के 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत शनिवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कादीसहना में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। 'एक पेड़ माँ के नाम' एवं 'एक पेड़ एक शिक्षक' अभियान के अंतर्गत शिक्षकों, विद्यार्थियों और विद्यालय स्टाफ ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शारीरिक शिक्षक एवं भामाशाह देवेंद्र कुमार दाधीच ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए विद्यालय को 100 बड़े आकार के गमले एवं 100 पौधे भेंट किए। उनके सहयोग से विद्यालय परिसर को हरित एवं आकर्षक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पौधों का वितरण भी किया गया। विद्यालय परिसर एवं खेल मैदान में लगभग 800 पौधों का रोपण किया गया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें विकसित वृक्ष बनाने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य धारा सिंह मीणा ने भामाशाह देवेंद्र कुमार दाधीच, विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों के सहयोग की सराहना करते हुए अधिकाधिक वृक्षारोपण एवं पौधों के संरक्षण का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 'वृक्ष ही जीवन का आधार हैं। यदि प्रत्येक नागरिक एक पौधा लगाकर उसकी जिम्मेदारी से देखभाल करे, तो राजस्थान पुनः हराभरा और समृद्ध बन सकता है।' उन्होंने सभी से 'एक पेड़ माँ के नाम' एवं 'एक पेड़ एक शिक्षक' अभियान को जन-आंदोलन बनाने की अपील की।

### महिला स्वास्थ्य जागरूकता की ओर महिला कांग्रेस का सराहनीय कदम

# महिला कांग्रेस की पहल, नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न, महिलाओं को मिला विशेषज्ञ परामर्श

**डॉ. विशाखा पुरोहित ने स्त्री रोग, त्वचा एवं बालों से जुड़ी समस्याओं की जांच कर दिए स्वास्थ्य संबंधी सुझाव**

**स्वस्थ महिला ही स्वस्थ परिवार और सशक्त समाज की आधारशिला होती है : रेखा हिरण**

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा (पंकज पोरवाल)।** महिलाओं के स्वास्थ्य को समर्पित एक सराहनीय पहल के तहत महिला कांग्रेस टीम द्वारा शनिवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रसिद्ध स्त्री रोग एवं त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. विशाखा पुरोहित ने महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया। शिविर में विशेष रूप से महिलाओं की स्त्री रोग संबंधी समस्याओं, त्वचा रोगों तथा बालों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं की जांच की गई। बड़ी संख्या में महिलाओं एवं युवतियों ने शिविर में पहुंचकर विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाओं का लाभ उठाया। नि:शुल्क जांच एवं परामर्श मिलने से महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। महिला कांग्रेस की शहर अध्यक्ष रेखा हिरण ने बताया कि महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ महिला ही स्वस्थ परिवार और सशक्त समाज की आधारशिला होती है। इसी सोच के साथ महिला कांग्रेस समय-समय पर जनहित एवं महिला कल्याण से जुड़े ऐसे कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। रेखा हिरण ने शिविर में अपनी सेवाएं देने वाली डॉ. विशाखा पुरोहित का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से अनेक महिलाओं को विशेषज्ञ परामर्श प्राप्त हुआ। उन्होंने शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी कार्यकर्ताओं, सहयोगियों एवं उपस्थित महिलाओं का भी धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर के दौरान महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच, समय पर उपचार तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के महत्व की भी विस्तार से जानकारी दी गई। उपस्थित महिलाओं ने महिला कांग्रेस की इस पहल की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष साधना रंगरेज, जिला उपाध्यक्ष रेखा भट्ट, मोनिका क्रिश्चियन, जिला महासचिव लीला देवड़ा, पूर्वी मुथा, प्रिया मुथा, राजश्री सहित महिला कांग्रेस की अनेक कार्यकर्ता एवं बहनें उपस्थित रहीं।

# यदि हमें अपने भविष्य को सुरक्षित रखना है तो हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे : चित्तौड़गढ़ विधायक

स्मार्ट हलचल



**ओम जैन शंभूपुरा।** शंभूपुरा। पौधारोपण प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी और आने वाली पीढ़ियो के प्रति हमारे कर्तव्य का प्रतीक है। पेड़ हमारे जीवन का आधार है। यदि हमें अपने भविष्य को सुरक्षित रखना है तो हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे और उनसे भी अधिक महत्वपूर्ण उनकी देखभाल करनी होगी। विधायक चंद्रभान सिंह आक्या शनिवार को महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कीरखेड़ा में हरियालो राजस्थान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियो व वार्डवासीयो को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि आज हम जो पौधे लगा रहे है, आने वाले वर्षो में यही पौधे विशाल वृक्ष बनकर समाज और पर्यावरण की सेवा करेंगे। इसलिए मेरा आप सभी से आग्रह है कि केवल पौधा लगाकर अपना दायित्व पूरा न समझो, बल्कि उसकी नियमित देखभाल का भी संकल्प ले। इससे पूर्व विधायक आक्या द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का आरम्भ किया गया। प्रधानाचार्य ममता चारण व विद्यालय स्टॉफ द्वारा अतिथियो का उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक आक्या व अतिथियो द्वारा 50 से अधिक पोधे लगाये गये। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शम्भुलाल भोई, प्रधानाचार्य ममता चारण, मण्डल महामंत्री अर्जुन मूंदड़ा, शेलेन्द्र झंवर, बाल किशन भोई, एडवोकेट ओमप्रकाश शर्मा, भरत जागेटिया, बैंक ऑफ बड़ोदा मेनेजर विक्रम सिंह, किशन कीर, गणेश भोई, रतनलाल भोई, नारायण भोई, जगमोहन कीर, पूरण कीर, मुकेश काबरा, बलवंत बाबेल, अरमान खान, रतनलाल भोई, देवराज कीर, सोनू साहू, विनिता जैन, प्रमीला बोहरा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

# भीलवाड़ा में फिर तेज बारिश, किसानों को राहत शहर को जलभराव की मार



### मानसून की दूसरी तेज बारिश

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** राजस्थान में मानसून की एंट्री के बाद भीलवाड़ा में शनिवार को फिर तेज बारिश हुई। यह इस सीजन की दूसरी तेज बारिश है। बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। खेतों में नमी बढ़ने से बुवाई के काम में तेजी आएगी। वहीं उमस और गर्मी से परेशान लोगों को भी राहत मिली। मौसम विभाग ने 2 अगस्त तक जिले में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। बीती रात को भी शहर में तेज बारिश हुई थी।

**निगम के विकास कार्यों की खुली पोल**

तेज बारिश के बाद शहर के निचले इलाकों में पानी भर गया। सड़कें तालाब बन गईं और अंडरपास-ओवरब्रिज में जलभराव हो गया। इससे नगर निगम के दावों और विकास कार्यों की पोल खुल गई। स्थिति को देखते हुए भीलवाड़ा विधायक और जिला कलेक्टर जसमीत संधू ने अधिकारियों के साथ शहर के प्रमुख स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने जलभराव वाले इलाकों का जायजा लिया और अधिकारियों को तुरंत पानी निकासी के निर्देश दिए।स्थानीय लोगों ने कहा कि हर बार बारिश में यही हालात होते हैं। नालों की सफाई और पंप की स्थायी व्यवस्था नहीं होने से परेशानी बढ़ जाती है।

# बदहाली की तस्वीर.... दूभर हुआ बारिश में चिता जलाने के लिए शमशान तक पहुँचना

स्मार्ट हलचल



**काछोला ।** क्षेत्र के राजगढ़ ग्राम पंचायत के जाल का खेडा गाँव में जो तस्वीर सामने आई, उसने विकास के तमाम दावों पर सवाल खड़े कर दिए । रेगर समाज के 68 वर्षीय मोहन लाल रेगर के निधन के बाद अंतिम संस्कार के लिए जब परिजन और ग्रामीण शमशान जाने के लिए निकले तो शमशान तक जाने वाले रास्ते में कीचड़ भरा हुआ, दोनो तरफ अंग्रेजी बबूल से अवरुद्ध रास्ता,बारिश से बचने के लिए कोई समुचित व्यवस्था उपलब्ध नही है! शमशान के ऊपर लगे चदर खस्ताहाल हालात मे नीचे गिरे हुए हैं! अंतिम संस्कार के समय अगर बारिश शुरू हो जाए तो लोगों को चिता और लकड़ियों को बचाने के लिए तिरपाल तानना पड़ेगा! अंतिम विदाई जैसे भावुक क्षण भी अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ रहे हैं ग्रामीणों का कहना है कि श्मशान घाट का काफी समय चदर निर्माण तो हुआ है लेकिन कोई टीनशेड निर्माण कार्य नही हुआ,चारदीवारी नही हुई और कोई पेयजल और नहाने की भी कोई सुविधा नही की । रैगर समाज एवं ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को काफी समय से शिकायतें दी गयी ! वर्षों से ग्रामीण टीनशेड, विश्रांति गृह और अन्य आवश्यक सुविधाओं के बिना अंतिम संस्कार करने को मजबूर हैं। हालात ये हैं कि बारिश के मौसम में चिता को जलाने के लिए शमशान घाट तक आसानी से नही पहुंच पाते हैं , लकड़ियों को रखने के लिए कोई टीनशेड नही है चिता को भीगने से बचाने के लिए लोगों को तिरपाल लगा कर अंतिम संस्कार करना पड़ता है।

# मुख्य बस स्टैंड पर गंदी नालियों का पानी भरा रहने से व्यापारी परेशान

स्मार्ट हलचल



**गंगापुर ।** मुख्य बस स्टैंड पर गंदी नालियों का पानी सड़क मार्ग पर भरा रहने के कारण बस स्टैंड से निकलने वाले राहगीरों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वही बस स्टैंड स्थित दुकानदारों को इस गंदे नाली के पानी से आ रही बदबू से खासी परेशानी हो रही है। परेशान व्यापारी अपनी दुकानों पर भी नहीं बैठ पा रहे हैं। नगर पालिका प्रशासन से गंदी नलियों का पानी जो सड़क मार्ग पर आ रहा है उसे पुनः नाली में डलवाने की मांग व्यापारियों द्वारा की गई लेकिन पालिका द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। व्यापारियों ने बताया कि बस स्टैंड पर एक कोम्प्लेक्स का निर्माण कार्य चल रहा है जिसकी वजह से कंपलेक्स निर्माण करने वाले लोगों ने मुख्य बस स्टैंड से निकलने वाली नाली को अवरुद्ध कर दिया। जिसके कारण नाली का पानी सड़क मार्ग पर भरा हुआ है। मार्ग से निकलने वाले वाहनों के कारण दुकानों पर गंदे पानी के छीटे आ रहे हैं। वही दिन भर नालियों का पानी सड़क मार्ग पर भरा रहने के कारण भारी बदबू मारने के कारण दुकानदार खासे परेशान हो रहे हैं।

# अग्रवाल सम्मेलन मंडावर की नई कार्यकारिणी का गठन, मुकेश मंगल बने अध्यक्ष

स्मार्ट हलचल



**नीरज मीणा** मंडावर। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, मंडावर इकाई की जनरल मीटिंग शुक्रवार को अग्रवाल समाज अध्यक्ष महेश चंद्र गर्ग (तेल वालों) की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सम्मेलन के मंत्री अनंत मंगल ने बताया कि बैठक में मुकेश मंगल (भूडा वाले) को अध्यक्ष पद पर चुना गया। वहीं मनोज गर्ग को उपाध्यक्ष, अवधेश अग्रवाल को मंत्री तथा पूर्ण बंसल को कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया। नई कार्यकारिणी के गठन की घोषणा के बाद सदन में उपस्थित समाज के गणमान्य नागरिकों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर स्वागत किया तथा उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई। बैठक में राजेश बंसल, संजीव कंसल, विनय गर्ग, हुकमचंद सिंहल, राकेश मंगल, बृजेश मंगल, अशोक मंगल, राजेंद्र झालाटाला वाले, द्वारका प्रसाद, गुड्डु लखानी वाले, गिरधारी गोयल, उमाशंकर अग्रवाल, पदम गोयल सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सत्य केवल बोलने योग्य शब्द नहीं, जीने योग्य जीवन-दृष्टि है : युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी

## तपस्वियों की साधना को मिला युवाचार्यश्री का मंगलाशीष, साध्वीवृंद की तपस्या की पूछी सुखसाता

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा ।** सत्य कोई केवल बोलने योग्य शब्द नहीं, बल्कि जीने योग्य जीवन-दृष्टि है। क्योंकि सत्य ही भगवान है। सत्य की खोज विज्ञान से लेकर दर्शन तक की मूल प्रेरणा रही है। वैज्ञानिक भौतिक जगत के रहस्यों में सत्य तलाशता है तो दार्शनिक आध्यात्मिक जगत में उसकी खोज करता है। आगमों और ग्रंथों ने इस खोज को एक गहरी परिणति देते हुए कहा है 'सच्चं खलु भगवं', अर्थात सत्य ही भगवान है। यह बात शांतिभवन में चातुर्मासार्थ विराजित श्रमणसंघीय युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी ने आयोजित विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त की। युवाचार्यश्री ने कहा कि सत्य क्या है? प्रश्न सरल है, लेकिन उसका उत्तर उतना ही गहरा है। विज्ञान भौतिक जगत में सत्य की खोज करता है तो दर्शन आध्यात्मिक जगत में। खोज के क्षेत्र अलग हैं, लेकिन जिज्ञासा एक ही है सत्य की पहचान। आगमों ने सत्य को भगवान कहा है। 'भग' ज्ञान, ऐश्वर्य, सामर्थ्य और विशुद्धता का बोध कराता है। सत्य में यही वास्तविक ऐश्वर्य निहित है। सत्य को जान लेना ही पर्याप्त नहीं, उसका जीवन में प्रकट होना ही उसकी वास्तविक उपलब्धि है। स्थानांग सूत्र में सत्य के चार स्वरूपों का उल्लेख इसी जीवन-सत्य को समझने का मार्ग दिखाता है। काया की ऋजुता शरीर को केवल सीधा रखने का नाम नहीं, बल्कि उसकी हर गतिविधि में सामंजस्य और यत्न का भाव है। आंखें जिस दिशा में देखें, कदम उसी अनुरूप उठें। चलने, बैठने, खड़े होने, सोने और भोजन करने तक प्रत्येक क्रिया में सजगता हो। जैन दर्शन की ईर्या समिति इसी यत्नपूर्ण जीवन का व्यवहारिक स्वरूप है ऐसी गति, जिसमें स्वयं को अनावश्यक कष्ट न पहुंचे और किसी जीव के प्रति प्रमाद न हो। एक समय में एक कार्य को पूरी एकाग्रता से करना भी इसी सजगता का हिस्सा है। शरीर की ऋजुता व्यक्ति के व्यक्तित्व की मौन भाषा भी है। उसका बैठना, चलना और खड़ा होना भीतर की स्थिति को प्रकट करता है। मन के स्तर पर भी यही सजगता चाहिए। चिंता व्यर्थ है, चिंतन सार्थक। चिंताओं का बोझ लेकर विश्राम करने वाला व्यक्ति शरीर को आराम दे सकता है, मन को नहीं। भोजन भी सजगता से हो। सत्य की दूसरी अभिव्यक्ति भाषा की ऋजुता में है। वाणी छल, कपट और भ्रम की प्रवृत्ति से मुक्त हो। शब्दों की बाजीगरी से किसी को प्रभावित किया जा सकता है, लेकिन विश्वास अर्जित नहीं किया जा सकता। भाषा में स्पष्टता के साथ मधुरता,हितभाव और संवेदना हो। वाणी की सार्थकता उसके प्रभाव में नहीं, उसकी निष्कपटता में है। उन्होंने कहा कि भावों की ऋजुता सत्य की सबसे गहरी भूमि है। मन में सरलता, निष्कपटता और निरागसता हो तो सत्य केवल कथन नहीं रहता, जीवन का अनुभव बन जाता है। गौतम स्वामी का भगवान महावीर के समक्ष सहज समर्पण इसी भाव-सरलता का उदाहरण है। ज्ञान की ऊंचाई तभी सार्थक होती है, जब उसके साथ मन की निर्मलता भी जुड़ी हो। युवाचार्यश्री ने कहा कि सत्य की पूर्णता मन, वचन और कर्म की एकरूपता में है। चित्त में कुछ और, वाणी में कुछ और तथा आचरण में कुछ और हो तो सत्य जीवन में अधूरा रह जाता है। जैसा मन हो, वैसी वाणी और जैसी वाणी हो, वैसा कर्म यही ऋजुता चरित्र को विश्वसनीय बनाती है। उन्होंने कहा कि विज्ञान सत्य को खोजता है, दर्शन उसके स्वरूप को समझने का प्रयास करता है और साधना उसे जीवन में उतारती है। काया में सजगता, भाषा में निष्कपटता और भावों में निर्मलता जब मन, वचन और कर्म की एकरूपता में बदलती है, तब सत्य बाहर खोजने की वस्तु नहीं रहता, वह जीवन में प्रकट होने लगता है। इस दौरान युवाचार्यश्री ने तपस्या में रत साधकों एवं आगामी तप आराधना के लिए आगे बढ़ रहे तपस्वियों को प्रत्याख्यान करवाए। साध्वी प्रतिभाजी, महासती पीयूषदर्शनाजी,साध्वी काव्याश्री सहित साध्वीवृंद की तपस्या की सुखसाता पूछते हुए उन्होंने मंगलकामनाएं प्रेषित कीं। इसी अवसर पर श्रेणीक चारित्र का भी शुभारंभ किया। धर्मसभा में चेन्नई, महाराष्ट्र, गुजरात सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं के साथ भीलवाड़ा शहर के विभिन्न श्रीसंघों एवं उपनगरों से बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे। शांतिभवन श्रीसंघ के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद चीपड़ एवं मंत्री नवरतनमल भलावत ने बताया कि रविवार को विशेष प्रवचन के साथ युवाचार्यश्री के सान्निध्य में दोपहर में 12 से 21 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए 'मन की बात' संवाद एवं 'आनंद बाल शिविर' आयोजित किया जाएगा। इसी के साथ सिद्धि तप की आराधना का शुभारंभ होगा।

# हरियालो राजस्थान अभियान के तहत कादीसहना विद्यालय में 800 पौधों का वृहद वृक्षारोपण



स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा@(किशन वैष्णव )** राजस्थान सरकार के 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत शनिवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कादीसहना में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। 'एक पेड़ माँ के नाम' एवं 'एक पेड़ एक शिक्षक' अभियान के अंतर्गत शिक्षकों, विद्यार्थियों और विद्यालय स्टाफ ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शारीरिक शिक्षक एवं भामाशाह देवेंद्र कुमार दाधीच ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए विद्यालय को 100 बड़े आकार के गमले एवं 100 पौधे भेंट किए। उनके सहयोग से विद्यालय परिसर को हरित एवं आकर्षक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पौधों का वितरण भी किया गया। विद्यालय परिसर एवं खेल मैदान में लगभग 800 पौधों का रोपण किया गया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें विकसित वृक्ष बनाने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य धारा सिंह मीणा ने भामाशाह देवेंद्र कुमार दाधीच, विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों के सहयोग की सराहना करते हुए अधिकाधिक वृक्षारोपण एवं पौधों के संरक्षण का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 'वृक्ष ही जीवन का आधार हैं। यदि प्रत्येक नागरिक एक पौधा लगाकर उसकी जिम्मेदारी से देखभाल करे, तो राजस्थान पुनः हराभरा और समृद्ध बन सकता है।' उन्होंने सभी से 'एक पेड़ माँ के नाम' एवं 'एक पेड़ एक शिक्षक' अभियान को जन-आंदोलन बनाने की अपील की।

# निकाय व पंचायतीराज चुनाव: जवाजा में कांग्रेस की बैठक, बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने का संकल्प



## रूपनगर में आयोजित संगठनात्मक बैठक में कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और घर-घर जनसंपर्क पर रहा मुख्य जोर

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** आगामी निकाय एवं पंचायतीराज चुनावों की तैयारियों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जवाजा द्वारा अनवर कृषि फार्म, रूपनगर में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रत्येक बूथ पर मजबूत टीम गठित करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और पार्टी की जनहितकारी नीतियों को आमजन तक पहुँचाने की रणनीति पर विस्तृत मंथन हुआ। बैठक के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर चौधरी ने कहा कि इन चुनावों में जीत की असली चाबी बूथ स्तर का मजबूत संगठन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेद भुलाकर एकजुटता के साथ पार्टी हित में जुटने का आह्वान किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए धर्म सिंह भाटी ने कहा कि समर्पित कार्यकर्ता ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत हैं और शीघ्र ही बूथ समितियों का गठन पूर्ण कर जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। प्रदेश संगठन महासचिव राजेश देवड़ा ने मतदाता सूची के अध्ययन और सघन जनसंपर्क पर बल दिया, वहीं खनन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आशीष पाल पदावत ने भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर करने की बात कही। बैठक में जवाजा ब्लॉक प्रभारी राससिंह रावत, सह प्रभारी तरुण कच्छावा, RGPRS के जिलाध्यक्ष राम यादव, प्रदेश सचिव शैलेश शर्मा और नगर कांग्रेस अध्यक्ष भारत बाघमार सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और रूपनगर के ग्रामीणों की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। बैठक की जानकारी प्रवक्ता अरुण शर्मा द्वारा दी गई।

# ग्रामीण क्षेत्रों के नौनिहालों के घर से स्कूल तक की राह होगी आसान

## सत्र 2026-27 में उदयपुर के 16,151 विद्यार्थियों को मिलेगा 'ट्रांसपोर्ट वाउचर' का संबल,261.74 लाख का बजट स्वीकृत

स्मार्ट हलचल

**उदयपुर** मुख्यमंत्री के 'शिक्षित राजस्थान, सशक्त राजस्थान' के विजन को धरातल पर उतारने के लिए राज्य सरकार ने 'ट्रांसपोर्ट वाउचर योजना (सत्र 2026-27)' के तहत दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं । यह योजना सुदूर ग्रामीण अंचलों, ढाणियों और कम आबादी वाले क्षेत्रों के गरीब व जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़े रखने का एक सशक्त माध्यम बन चुकी है। समग्र शिक्षा, उदयपुर के अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक (एडीपीसी) कुंज बिहारी भारद्वाज के अनुसार,उदयपुर जिले में इस योजना के सफल और समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार द्वारा वित्तीय और भौतिक लक्ष्य आवंटित किए गए हैं। योजना के तहत इस सत्र में उदयपुर जिले के समस्त राजकीय विद्यालयों सहित स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूलों में पढ़ने वाले पात्र विद्यार्थियों को लाभांवित करने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें कक्षा 1 से 8 तक जिले के कुल 14,528 छात्र-छात्राओं को लाभांवित किया जाएगा। इसके लिए ?217.92 लाख का बजट आवंटित हुआ है इसी तरह कक्षा 9 व 10 तक ग्रामीण क्षेत्र की कुल 1,623 छात्राओं को इस योजना के दायरे में लाया गया है, जिसके लिए ?43.82 लाख का बजट प्रावधान रखा गया है। इस प्रकार जिले के 16,151 पात्र विद्यार्थियों को कुल ?261.74 लाख की सहायता राशि सीधे डीबीटी पके माध्यम से प्रदान की जाएगी। योजना के तहत विद्यार्थियों को विद्यालय में उनकी वास्तविक दैनिक उपस्थिति और निवास स्थान से स्कूल की दूरी के आधार पर भुगतान किया जाएगा जिसके तहत कक्षा 1 से 5 के विद्यार्थियों को उनके निवास से विद्यालय की दूरी 1 किमी से अधिक होने पर ?10 प्रति उपस्थिति दिवस की दर से अधिकतम 1500 रूपये वार्षिक और कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों को उनके निवास से विद्यालय की दूरी 3 किमी से अधिक होने पर ?15 प्रति उपस्थिति दिवस की दर से अधिकतम 1,500 रूपये वार्षिक तथा कक्षा 9 व 10 की छात्राओं को जिनके निवास से विद्यालय की दूरी 5 किमी से अधिक होने पर ?20 प्रति उपस्थिति दिवस अधिकतम 2,700 रुपए वार्षिक आधार पर देय होंगे।जो छात्राएं कक्षा 9 में निःशुल्क साइकिल योजना का लाभ उठा चुकी हैं, उन्हें इस योजना का लाभ देय नहीं होगा । कक्षा 11 और 12 की छात्राएं भी इस योजना के दायरे में शामिल नहीं हैं राज्य सरकार की 'जीरो-टॉलरेंस' नीति के तहत प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाया गया है शिविरा पंचांग के अनुसार पात्र विद्यार्थियों की उपस्थिति की गणना शाला दर्पण पोर्टल से ऑटो-कैलकुलेट होगी।यह राशि जन-आधार से लिंक विद्यार्थी के स्वयं के बैंक खाते या उनके माता-पिता अथवा अभिभावक के खाते में सीधे ट्रांसफर की जाएगी एडीपीसी भारद्वाज ने बताया कि योजना की निरंतर मॉनीटरिंग के लिए जिला स्तर से लेकर ब्लॉक व पीईईओ स्तर तक कड़े निर्देश दिए गए हैं साथ ही सभी संस्था प्रधानों को पाबंद किया गया है कि वे निर्धारित प्रपत्रों के माध्यम से पात्र विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का प्रामाणिक विवरण प्राप्त कर, उसे शाला दर्पण पोर्टल पर तुरंत दर्ज कर लॉक करना सुनिश्चित करें, ताकि राशि की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त होने पर राशि जारी की जा सके।

# 3 महीने से चकमा दे रहा NDPS एक्ट का वांछित आरोपी सोहनलाल गिरफ्तार, जैतारण पुलिस को मिली सफलता

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर/जैतारण।** जिला पुलिस अधीक्षक रतनसिंह के निर्देशानुसार जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जैतारण थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एनडीपीएस एक्ट के मामले में पिछले तीन माह से फरार चल रहे आरोपी सोहनलाल को पुलिस ने लगातार पीछा कर गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ब्यावर) डॉ. अनुकृति उज्जैनिया तथा वृत्ताधिकारी (वृत्त जैतारण) रमेन्द्र सिंह हाड़ा के निकटतम सुपरविजन में जैतारण थानाधिकारी धोलाराम (नि.पु.) के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा अंजाम दी गई।

**पारंपरिक पुलिसिंग और मुखबिर तंत्र से मिली सफलता**

थानाधिकारी धोलाराम ने बताया कि प्रकरण संख्या 141/2026 (धारा 8/22, 8/25 एनडीपीएस एक्ट) में वांछित आरोपी सोहनलाल घटना के बाद से ही लगातार फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय करने के साथ-साथ पारंपरिक पुलिसिंग के जरिए कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए आरोपी का लगातार पीछा किया और आखिरकार उसे दस्तयाब कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल आरोपी से मामले में गहन अनुसंधान जारी है।

**गिरफ्तार आरोपी का विवरणः**

**नामः सोहनलाल पुत्र पुखराज विश्नोई उम्रः 41 वर्ष**

**निवासीः** विश्नोईयों का बास, बावरला, पुलिस थाना डांगियावास (जिला जोधपुर)

**मामले में गठित पुलिस टीमः**

कार्रवाई करने वाली टीम में थानाधिकारी धोलाराम के साथ कांस्टेबल शिवनारायण (नंबर 637) और कांस्टेबल किसनाराम (नंबर 537) की सराहनीय भूमिका रही।

# बीच सड़क गाड़ दिया बिजली का पोल, तेजाजी चौक बना 'हादसों का पॉइंट'

## मलबे पर फिसलकर स्कूटी सवार दो छात्राएं घायल, रोज 2-3 हादसों का दावा; विधायक के आश्वासन के बाद भी नहीं हटा पोल

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा (जम)** जिले के बिजौलिया कस्बे का व्यस्त तेजाजी चौक बीच सड़क में लगाए जा रहे विद्युत पोल के कारण हादसों का केंद्र बन गया है। निर्माण कार्य के दौरान सड़क पर फैले मलबे और मार्ग के बीच खड़े पोल से राहगीरों की जान जोखिम में पड़ गई है। शनिवार को स्कूल से घर लौट रही स्कूटी सवार दो छात्राएं मलबे पर फिसलकर गिर गईं। हादसे में दोनों के घुटनों पर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तत्काल उन्हें संभालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि पोल लगाने के बाद से चौक पर रोजाना दो से तीन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो रही हैं। दिनभर भारी वाहनों और सैकड़ों लोगों की आवाजाही के बीच कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक मूकदर्शक बना हुआ है। व्यापारी राजू खटीक ने बताया कि बीच सड़क में लगाया जा रहा पोल लगातार दुर्घटनाओं की वजह बन रहा है। क्षेत्रवासियों ने इसे तुरंत सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को एडवोकेट सुनील जोशी के नेतृत्व में विधायक गोपाल खंडेलवाल ने मौके का निरीक्षण कर अधिकारियों से चर्चा की थी। विधायक ने जनहित में पोल को शीघ्र अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित कराने का आश्वासन भी दिया था, लेकिन इसके बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। अब लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पोल नहीं हटाया गया तो किसी बड़े हादसे की जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

# गुरु भक्ति में सराबोर हुआ चित्रकूटधाम, गुणानुवाद में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

## राष्ट्रसंत पुलकसागर महाराज के चातुर्मास से पहले भजनों से गूंजा परिसर, आज मंगल कलश स्थापना से होगा भव्य शुभारंभ

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** ओजस्वी प्रवचनकार राष्ट्रसंत पूज्य पुलकसागरजी महाराज के सानिध्य में चित्रकूटधाम शनिवार को गुरु भक्ति के रंग में रंग गया। चातुर्मास से पूर्व आयोजित गुरु गुणानुवाद कार्यक्रम में देशभर से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने भजनों, गुरु वंदना और जयघोष के बीच श्रद्धा की अविरल धारा बहाई। मुंबई से आए गायक राहुल भट्ट और एंकर विधि जैन की भक्तिमय प्रस्तुतियों ने पूरे पांडाल को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। गुरुदेव के दर्शन और आशीर्वाद के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ से चित्रकूटधाम का विशाल पांडाल भी छोटा पड़ गया। कार्यक्रम में गुरु पूजन, पाद प्रक्षालन और शास्त्र भेंट जैसे धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धाभाव से संपन्न हुए। देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने गुरु चरणों में अपनी आस्था अर्पित की। चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि रविवार दोपहर 1 बजे मंगल कलश स्थापना के साथ भीलवाड़ा में गुरुदेव के प्रथम चातुर्मास का भव्य शुभारंभ होगा। इससे पहले शास्त्रीनगर स्थित सूर्यमहल से चित्रकूटधाम तक मंगल कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं 3 अगस्त से प्रतिदिन सुबह 8:30 बजे नियमित प्रवचन और 15 से 30 अगस्त तक ज्ञान गंगा महोत्सव का आयोजन होगा।

# मातुश्री क्लब की 42 महिलाओं ने किया धार्मिक यात्रा व पिकनिक का आयोजन

## भजन-कीर्तन के साथ लिया मनोरंजक गतिविधियों का आनंद



**उदयपुर** मातुश्री क्लब की महिलाओं ने धार्मिक यात्रा एवं पिकनिक का आयोजन उत्साहपूर्वक किया। क्लब की आशा कोठारी ने बताया कि संरक्षक कौशल्या गट्टानी के नेतृत्व में 42 महिलाओं का दल सुबह 6 बजे उदयपुर से रवाना हुआ। यात्रा के दौरान महिलाओं ने जयसमंद, बेणेश्वर धाम तथा त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में दर्शन-पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की। त्रिपुरा सुंदरी परिसर में महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल एवं 'हाउजी' का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बस यात्रा के दौरान भी महिलाओं ने भजन, गीत, अंताक्षरी और हाउजी का आनंद लेते हुए पूरे सफर को यादगार बनाया। क्लब की अध्यक्षा आभा भंवर एवं सचिव सुनीता शर्मा की उपस्थिति में आयोजित इस यात्रा में सभी प्रतिभागियों ने धार्मिक आस्था और आपसी सौहार्द के साथ पिकनिक का भरपूर आनंद लिया। यात्रा के बाद सभी महिलाएं रात्रि को सकुशल उदयपुर लौट आईं।

# अनुराधा पौडवाल के कृष्ण भजनों से भक्ति में डूबा जयपुर, गुप्त वृन्दावन धाम के लाइव कॉन्सर्ट में उमड़ा जनसैलाब

## 'हरे कृष्ण' के महामंत्र से गूंजा दीप स्मृति ऑडिटोरियम, अनुराधा पौडवाल ने सुरों से रच दिया भक्तिमय माहौल

स्मार्ट हलचल



**अजय सिंह (चिंटू) जयपुर -** गुलाबी नगरी शनिवार को श्रीकृष्ण भक्ति के रंग में पूरी तरह रंगी नजर आई, जब सुप्रसिद्ध भजन गायिका एवं पद्मश्री सम्मानित अनुराधा पौडवाल ने अपने मधुर कृष्ण भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। गुप्त वृन्दावन धाम की ओर से मानसरोवर स्थित दीप स्मृति ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य लाइव भजन संध्या में हजारों श्रद्धालुओं ने एक साथ भक्ति, संगीत और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखा। कार्यक्रम की शुरुआत जैसे ही अनुराधा पौडवाल ने 'हरे कृष्ण, हरे राम' महामंत्र के उच्चारण से की, पूरा सभागार भक्तिमय वातावरण में डूब गया। श्रद्धालु तालियों की गूंज, हरिनाम संकीर्तन और कृष्ण भक्ति में झूम उठे। उनके द्वारा प्रस्तुत एक से बढ़कर एक कृष्ण भजनों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा ऑडिटोरियम देर तक जय श्रीकृष्ण और हरे कृष्ण के जयघोष से गूंजता रहा। करीब चार दशक से भारतीय संगीत जगत में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाली राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता एवं पद्मश्री अनुराधा पौडवाल ने अपनी सुरीली प्रस्तुति से यह संदेश दिया कि संगीत केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि ईश्वर से जुड़ने का सशक्त मार्ग भी है। उनकी भावपूर्ण गायकी ने हर आयु वर्ग के श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति कराई। इस अवसर पर गुप्त वृन्दावन धाम के अध्यक्ष अमितासना दास ने कहा कि निर्माणाधीन गुप्त वृन्दावन धाम केवल मंदिर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह श्रीकृष्ण भक्ति, हरिनाम संकीर्तन, गौसेवा, प्रसाद वितरण, वैदिक शिक्षा, भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों के संरक्षण का अंतरराष्ट्रीय केंद्र बनेगा। यहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन, आध्यात्मिक मार्गदर्शन, प्रसाद और सांस्कृतिक गतिविधियों का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह देखते ही बन रहा था। परिवारों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भजन संध्या में भाग लिया। आयोजन के अंत तक पूरा वातावरण भक्ति, श्रद्धा और संगीत की दिव्यता से सराबोर रहा, जिससे यह संध्या जयपुर के धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों में एक यादगार अध्याय बन गई।

पीपलांत्री में कार्बन क्रेडिट परियोजना का दो दिवसीय सत्यापन पूरा, अब वाटर क्रेडिट प्रोजेक्ट पर भी होगा कार्य

# एमपीयूएटी उदयपुर के साथ हरित परिसर विकसित करने की दिशा में साझेदारी पर चर्चा



स्मार्ट हलचल

**उदयपुर।** राजसमंद जिले की पीपलांत्री ग्राम पंचायत में संचालित कार्बन क्रेडिट परियोजना का दो दिवसीय वैलिडेशन एवं भौतिक वेरिफिकेशन कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। इसके साथ ही पंचायत में वाटर क्रेडिट परियोजना शुरू करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल की गई है। इन दोनों विषयों पर शनिवार को ग्रीन पीपल समिति एवं टेरा ब्लू क्लाइमेट टेक्नोलॉजी, पुणे की संयुक्त बैठक में विस्तृत समीक्षा एवं आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। बैठक में टेरा ब्लू क्लाइमेट टेक्नोलॉजी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप मोटवानी ने बताया कि कंपनी की तकनीकी टीम ने कार्बन क्रेडिट परियोजना के लिए चयनित पीपलांत्री पंचायत में दो दिनों तक फील्ड स्तर पर सत्यापन एवं भौतिक वेरिफिकेशन किया। इस दौरान ग्रीन पीपल समिति ने आवश्यक अभिलेख, तकनीकी जानकारी एवं स्थानीय समन्वय उपलब्ध कराकर परियोजना को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि वैलिडेशन एवं वेरिफिकेशन प्रक्रिया के बाद वीकेयू (VKU) के विशेषज्ञों द्वारा परियोजना के दस्तावेजीकरण के लिए आवश्यक रिकॉर्ड उपलब्ध कराने को कहा गया है। इसके लिए ग्रीन पीपल समिति वृक्षारोपण से संबंधित सभी अभिलेख व्यवस्थित कर उपलब्ध कराएगी। साथ ही पौधारोपण स्थलों पर लगाए गए पौधों की प्रजातिवार सूची तैयार कर ली गई है, जिसके आधार पर प्रत्येक प्रजाति के पारिस्थितिक महत्व का तकनीकी विवरण भी तैयार किया जाएगा। प्रदीप मोटवानी ने बताया कि कार्बन क्रेडिट परियोजना के समानांतर पीपलांत्री में वाटर क्रेडिट विकसित करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। संभावित स्थलों का चयन कर सभी जल संरक्षण एवं वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का सर्वे पूरा किया जा चुका है। शीघ्र ही वाटर क्रेडिट का पृथक परियोजना प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे भविष्य में ग्राम पंचायत को कार्बन क्रेडिट के साथ-साथ वाटर क्रेडिट से भी आय प्राप्त हो सकेगी।

**रिकॉर्ड समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश**

ग्रीन पीपल समिति के अध्यक्ष राहुल भटनागर ने वृक्षारोपण से संबंधित अभिलेखों के वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित संधारण पर बल देते हुए समिति के सदस्यों को वीकेयू द्वारा मांगे गए सभी रिकॉर्ड समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

बैठक में ग्रीन पीपल समिति के एस.एन. दवे, शरद श्रीवास्तव, सुहेल मजबूर, इंद्रजीत माथुर, डॉ. सतीश शर्मा, प्रताप सिंह चुंडावत, जे.एस. खंगारोत तथा टेरा ब्लू के आशीष नटकुटे उपस्थित रहे।

**एमपीयूएटी में भी हुई बैठक:**

इस अवसर पर महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमपीयूएटी), उदयपुर में कुलपति डॉ. प्रताप सिंह की अध्यक्षता में ग्रीन पीपल समिति एवं टेरा ब्लू क्लाइमेट टेक्नोलॉजी के प्रतिनिधियों की बैठक भी आयोजित हुई। बैठक में विश्वविद्यालय परिसर को अधिक हरित एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने, कार्बन अवशोषण बढ़ाने, जैव विविधता संरक्षण तथा बड़े स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम संचालित करने के लिए संभावित साझेदारी पर विचार-विमर्श किया गया। कुलपति डॉ. प्रताप सिंह ने समिति की पर्यावरण संरक्षण संबंधी पहल की सराहना करते हुए विस्तृत परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय तकनीकी परीक्षण के बाद इस दिशा में आवश्यक सहयोग प्रदान करेगा। बैठक में विश्वविद्यालय के निदेशक अनुसंधान डॉ. मनोज महला, डॉ. एल.एन. पवार, डॉ. मंजीत सिंह, डॉ. आर.के. बेरवा सहित ग्रीन पीपल समिति के एस.एन. दवे, सुहेल मजबूर, इंद्रजीत माथुर एवं शरद श्रीवास्तव उपस्थित रहे। टेरा ब्लू क्लाइमेट टेक्नोलॉजी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप मोटवानी ने कहा कि संस्था कार्बन क्रेडिट परियोजनाओं के लिए आवश्यक वैज्ञानिक आंकड़ों के विश्लेषण एवं तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराती रहेगी। ग्रीन पीपल समिति ने विश्वास व्यक्त किया कि इन संयुक्त प्रयासों से कार्बन अवशोषण, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन तथा किसानों एवं संस्थाओं के लिए हरित अर्थव्यवस्था के नए अवसर विकसित होंगे।

## कोटड़ा फायरिंग मामला: ब्यावर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, पुरानी रंजिश में गोली चलाने वाला नाबालिग डिटेन

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** जिले के जवाजा थाना क्षेत्र के कोटड़ा गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर जानलेवा हमला कर फायरिंग करने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देशानुसार पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में शामिल एक 'विधि से संघर्षरत किशोर' (नाबालिग) को डिटेन (दस्तयाब) कर लिया है।

**क्या थी पूरी घटना?**

जानकारी के अनुसार, 21 जुलाई 2026 की रात करीब 9:00 बजे लाखा मादा का बाड़िया (कोटड़ा) निवासी जय सिंह पुत्र रोड सिंह अपने घर के पास सड़क पर था। इसी दौरान गोल निम्बडी चौराहा की तरफ से दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर 5 लड़के आए। एक-दो दिन पुरानी आपसी कहासुनी और रंजिश के चलते हमलावरों ने जय सिंह पर सीधी गोली चला दी। गोली जय सिंह के पेट के दाहिनी तरफ लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अपनी मोटरसाइकिलों से कोटड़ा चौराहे की तरफ तेज गति में फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल जय सिंह को तुरंत इलाज के लिए अजमेर के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**पुलिस की त्वरित कार्रवाई व साइबर सेल की मदद**

घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनियां और पुलिस उप अधीक्षक राजेश कसाना के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी (जवाजा) डॉ. नवल किशोर के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया गया। मामले की जांच में साइबर सेल प्रभारी सउनि सरफराज और हेड कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह (विशेष योगदान) की टीम ने पारंपरिक व तकनीकी साक्ष्यों का संकलन किया। साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल एक नाबालिग को दस्तयाब कर लिया।

**दर्ज मामला:**

पुलिस ने पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट पर एफआईआर संख्या 215/2026 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 189 (2), 190, 109 (1) तथा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीकृत किया है।

**फरार आरोपियों की तलाश जारी**

पकड़े गए नाबालिग से घटना के अन्य कारणों और फरार साथियों के बारे में गहनता से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का दावा है कि मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ ब्यावर पुलिस की लगातार दूसरी बड़ी कार्रवाई 42.400 किग्रा डोडा पोस्त के साथ बाड़मेर का तस्कर गिरफ्तार, ब्रेजा कार जब्त

DST व ब्यावर सदर थाना पुलिस की संयुक्त नाकाबंदी में मिली सफलता



स्मार्ट हलचल

सेंदरिया स्टेडियम के पास घेराबंदी कर पकड़ा; आरोपी पर पूर्व में भी दर्ज है NDPS का मामला

**अनिल कुमार ब्यावर।** जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देशानुसार नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत ब्यावर पुलिस को लगातार दूसरी बड़ी सफलता मिली है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया एवं वृत्ताधिकारी (शहर) राजेश कसाना के निकट पर्यवेक्षण में जिला स्पेशल टीम (DST) और ब्यावर सदर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 42.400 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया है। मौके से तस्करी में प्रयुक्त सिल्वर रंग की मारुति ब्रेजा कार को जब्त कर बाड़मेर निवासी एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

**मुखबिर की सूचना पर सेंदरिया स्टेडियम के पास नाकाबंदी**

सदर थानाधिकारी गजराज चौधरी एवं DST प्रभारी राजदिपेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम को 1 अगस्त को मुखबिर से सटीक सूचना मिली कि विजयनगर की तरफ से सिल्वर रंग की ब्रेजा कार में भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ लाया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सेंदरिया स्टेडियम के पास सख्त नाकाबंदी की गई।

**भगाने का प्रयास, पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा**

नाकाबंदी के दौरान विजयनगर की ओर से आ रही संदिग्ध कार को पुलिस ने रोकने का इशारा किया। चालक ने कार भगाने की कोशिश की, लेकिन मुस्तैद पुलिस जाब्ते ने चारों तरफ से घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। कार की डिग्गी की तलाशी लेने पर उसमें 42.400 किग्रा अवैध डोडा पोस्त भरा मिला।

**शातिर अपराधी है गिरफ्तार तस्कर**

पुलिस ने आरोपी भीखाराम पुत्र जेठाराम (उम्र 21 वर्ष), निवासी आदर्श बस्ती बिसाला (थाना बाड़मेर ग्रामीण) को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी बालोतरा जिले के सिणधरी थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है।

घरेलू गैस उपभोक्ताओं के लिए जरूरी खबर

## 15 अगस्त तक ई-केवाईसी कराना अनिवार्य, वरना बंद हो जाएगी सब्सिडी

स्मार्ट हलचल/नीरज मीणा

**मंडावर।** घरेलू रसोई गैस उपभोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण सरकारी अपडेट सामने आया है। गैस कंपनियों ने सभी उपभोक्ताओं के लिए इलेक्ट्रॉनिक नो योर कस्टमर (द्र-चङ्गष्ट) करवाना अनिवार्य कर दिया है। इसके लिए अंतिम समय सीमा 15 अगस्त तय की गई है। निर्धारित तिथि तक प्रक्रिया पूरी न करने वाले उपभोक्ताओं को सब्सिडी वाले घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग में परेशानी हो सकती है और उन्हें बिना सब्सिडी के महंगी कीमत पर सिलेंडर खरीदना पड़ सकता है।गैस कंपनियों द्वारा उपभोक्ताओं को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर लगातार एसएमएस (SMS) भेजकर इसके प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। गैस एजेंसी के संचालक श्याम गौड़ ने बताया कि सभी उपभोक्ताओं को अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते अपनी ई-केवाईसी पूरी करा लेनी चाहिए, ताकि गैस वितरण और सब्सिडी से जुड़ी किसी भी असुविधा से बचा जा सके।ई-केवाईसी के लिए क्या दस्तावेज साथ लेकर जाएं?गैस पासबुकआधार कार्डपंजीकृत (Registered) मोबाइल नंबरई-केवाईसी कराने के उपलब्ध विकल्पउपभोक्ता अपनी सुविधा के अनुसार निम्नलिखित तरीकों से इस प्रक्रिया को पूरा कर सकते हैं:गैस एजेंसी पर बायोमेट्रिक सत्यापन: उपभोक्ता अपने आधार कार्ड और पंजीकृत मोबाइल नंबर के साथ नजदीकी गैस एजेंसी पर जाकर बायोमेट्रिक (अंगूठे या उंगलियों के निशान) के माध्यम से ई-केवाईसी करवा सकते हैं।गैस डिलीवरी बॉय की सहायता: गैस सिलेंडर डिलीवर करने आने वाले कर्मचारी के माध्यम से भी यह प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।घर बैठे ऑनलाइन माध्यम: उपभोक्ता 'माई एलपीजी' (myLPG) वेबसाइट/ऐप और 'आधार फेस आरडी' (Aadhaar FaceRD) ऐप के जरिए घर बैठे फेस ऑथेंटिकेशन (चेहरा स्कैन) करके भी अपनी ई-केवाईसी पूरी कर सकते हैं।

राजकीय उ.मा.वि. थामली के शारीरिक शिक्षक धनराज मीणा 27 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए

## शिक्षक रिटायर हो सकते हैं पर उनके दिए संस्कारों अनुशासन कभी रिटायर नहीं होते

स्मार्ट हलचल



**बारां :** क्षेत्र के थामली गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय थामली में कार्यरत वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक श्री धनराज मीणा आज 27 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए। विद्यालय परिसर में आयोजित विदाई समारोह में प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ, एवं छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मीणा का शॉल, श्रीफल, माला एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्री धनराज मीणा ने भावुक होते हुए कहा - 'मैंने अपना पूरा जीवन बच्चों के शारीरिक और चरित्र निर्माण में लगाया। आगे भी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं' समारोह के अंत में सभी ने मीणा के स्वस्थ, सुखी एवं मंगलमय सेवानिवृत्त जीवन की कामना की। सर ने गांव थामली के सैकड़ों बच्चों को खेल से जोड़ा और उन्हें अनुशासन का पाठ पढाया!

## भीलवाड़ा में आज भी हल्की बारिश का अलर्ट

### रात की तेज बरसात से गर्मी में राहत, सड़कों पर भरा पानी

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** भीलवाड़ा में सावन के दूसरे दिन शुक्रवार को दिनभर गर्मी और उमस रहने के बाद रात करीब 9 बजे मौसम ने करवट ली। शहर और आसपास के इलाकों में तेज बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट आई और लोगों को उमस व गर्मी से राहत मिली। बारिश के बाद सड़कों पर पानी भर गया। मौसम विभाग ने आज हल्की से मध्यम बारिश और आने वाले पूरे सप्ताह बारिश का दौर जारी रहने का अलर्ट दिया है।

### दिनभर गर्मी और उमस से लोग परेशान रहे

शुक्रवार सुबह आसमान साफ था। हल्की बूंदाबांदी के बाद दिनभर तेज धूप और उमस रही। लोग पूरे दिन पसीने से परेशान रहे। बादल आते-जाते रहे, लेकिन बारिश नहीं होने से मौसम और ज्यादा चिपचिपा हो गया।

### रात 9 बजे बदला मौसम, तेज बारिश शुरू हुई

रात करीब 9 बजे के बाद मौसम अचानक बदल गया। आसमान में घने काले बादल छा गए और पहले बूंदाबांदी शुरू हुई। कुछ ही देर में यह तेज बारिश में बदल गई। बारिश के कारण शहर की सड़कों पर पानी भर गया। तेज हवाएं चलने से मौसम ठंडा और सुहावना हो गया।

### खरीफ की फसलों को मिलेगा फायदा

इस बारिश से शहर के लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वहीं ग्रामीण इलाकों में सोयाबीन, मक्का, उड़द, मूंग और दूसरी खरीफ फसलों को भी फायदा मिलने की उम्मीद है। किसानों का कहना है कि समय पर हो रही बारिश से फसलों की बढ़वार और पैदावार बेहतर होगी।

### आज भी बादल और बारिश का अलर्ट

आज सुबह से आसमान में बादल छाए हुए हैं और तेज हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग ने दिनभर बादल छाए रहने और दोपहर में हल्की से मध्यम बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार आने वाले पूरे सप्ताह बादल छाए रहेंगे और बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है।

# इनरव्हील क्लब कोटा द्वारा किशोरियों के स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यशाला...

**स्वस्थ किशोरी ही सशक्त नारी की आधारशिला : डॉ. नीता जैन**

**150 छात्राओं की नि :शुल्क हीमोग्लोबिन जांच, स्वास्थ्य शिक्षा पर विशेष संवाद**




**कोटा।** पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, श्रीनाथपुरम सेक्टर-बी में 'कुमारी से नारी की ओर' परियोजना के तहत किशोरियों के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम इनरव्हील क्लब कोटा द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. निधि बर्थुनिया ने छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता एवं रोग, सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम, एनीमिया से बचाव तथा किशोरावस्था में संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समय पर जागरूकता और आवश्यक जांच से कई गंभीर बीमारियों की रोकथाम संभव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्लब अध्यक्ष डॉ. नीता जैन ने कहा कि स्वस्थ किशोरी ही स्वस्थ समाज की आधारशिला है। उन्होंने छात्राओं से स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा नियमित जांच कराने का आह्वान किया। विद्यालय की प्राचार्य श्वेता गौतम ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी उन्हें बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर करती है। क्लब सचिव अर्चना गोयल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान क्लब की ओर से 150 छात्राओं की निःशुल्क हीमोग्लोबिन जांच की गई तथा आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श भी दिया गया। बीपीएनआई के तहत स्तनपान के महत्व पर आधारित क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें छात्राओं को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों की जानकारी दी गई। क्लब सचिव अर्चना गोयल ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन डॉ पल्लवी जौहरी एवं रुचि साहू ने किया। इस अवसर पर प्रीति गौतम, कल्पना भार्गव, अंशु नारंग, स्नेहा गोयल सहित क्लब की सदस्याएं, विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# ईथॉस हॉस्पिटल में जटिल ब्रोंकोस्कोपी सफल, मासूम को मिला नया जीवन

श्वासनली में फंसा चना, इमरजेंसी ब्रोंकोस्कोपी से दो वर्षीय मासूम की बची जान

**सांस लेने में तकलीफ और बेहोशी की हालत में ई?थॉस हॉस्पिटल पहुंचा था बच्चा, समय पर उपचार से टला बड़ा खतरा**

स्मार्ट हलचल



**कोटा।** ईथॉस हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने त्वरित चिकित्सकीय हस्तक्षेप करते हुए दो वर्षीय मासूम के फेफड़े में फंसा चना सफलतापूर्वक निकालकर उसकी जान बचा ली। इमरजेंसी ब्रोंकोस्कोपी के जरिए की गई इस जटिल प्रक्रिया के बाद बच्चे की सांस सामान्य हो गई और कुछ ही दिनों में उसे स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। बारां जिले के अटरू निवासी दो वर्षीय जयेश को सांस लेने में गंभीर तकलीफ, तेज सांस चलने और बेहोशी की हालत में अस्पताल लाया गया। परिजनों ने बताया कि एक दिन पहले चना खाते समय उसके गले में कुछ फंस गया था। जांच में दायां फेफड़ा लगभग पूरी तरह सिकुड़ा हुआ मिला। एचआरसीटी चेस्ट में दाईं मुख्य श्वासनली में करीब आठ मिलीमीटर का चना फंसा होने की पुष्टि हुई, जिससे फेफड़े तक हवा का प्रवाह लगभग रुक गया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अरुण कुमार मेवाड़ा एवं उनकी टीम ने बिना विलंब इमरजेंसी ब्रोंकोस्कोपी की। प्रक्रिया के दौरान श्वासनली में फंसा चना सुरक्षित निकाल लिया गया। इसके तुरंत बाद बच्चे की सांस सामान्य होने लगी, ऑक्सीजन का स्तर सुधरा और फेफड़े ने दोबारा सामान्य रूप से कार्य करना शुरू कर दिया। लगातार चिकित्सकीय निगरानी और उपचार के बाद बच्चे की स्थिति में तेजी से सुधार हुआ तथा तीसरे दिन उसे स्वस्थ एवं स्थिर अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। डॉ. अरुण कुमार मेवाड़ा ने बताया कि छोटे बच्चों को चना, मूंगफली, मक्का, अंगूर या खिलौनों के छोटे हिस्से जैसी वस्तुएं देते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। इनके श्वासनली में फंसने से कुछ ही मिनटों में जानलेवा स्थिति बन सकती है। अस्पताल के निदेशक प्रदीप दाधीच ने कहा कि यदि बच्चे को अचानक खांसी, सांस लेने में तकलीफ, सीटी जैसी आवाज या दम घुटने के लक्षण दिखाई दें तो घरेलू उपायों में समय न गंवाकर तुरंत विशेषज्ञ चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। समय पर उपचार से ऐसे मामलों में गंभीर जटिलताओं और जान के जोखिम को टाला जा सकता है।

## गंगापुर में 16 साल बाद मिला न्याय, सौंपा दुकानो का कब्जा



स्मार्ट हलचल

**गंगापुर (दिनेश लक्षकार)** न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश महोदय अनिता टेलर द्वारा पारित आदेश की पालना मे लंबित सबसे पुराने प्रकरण में शनिवार को दोपहर करीब 12.00 बजे न्यायालय के सहायक नाजिर नवीन विश्नोई व प्रोसेस सर्वर रेवत सिंह चुण्डावत गंगापुर में कैलाश टॉकिज के पास स्थित बंद दुकान के बाहर डिक्रीदार विनोद पिता श्यामलाल लढ़ा निवासी गंगापुर मय अधिवक्ता सुनिल कुमार जैन व इनके अधिनस्थ अधिवक्ता के साथ वादग्रस्थ स्थल दुकान पर आये। डिक्रीदार लढ़ा को न्यायालय के सहायक नाजिर व प्रोसेस सर्वर द्वारा बंद दुकान को चाबी के माध्यम से खोलकर आमजन की उपस्थिती में दुकान का कब्जा डिक्रीदार को मौके पर सुपुर्द करवाया गया। डिक्रीदार को न्यायालय द्वारा पारित आदेश की पालना में दुकान की दोनो चांबीया सुपुर्द कर दी ।मामला न्यायालय में विगत 15 वर्ष से अधिक समय से लंबित रहा है डिक्रीदार विनोद कुमार लढ़ा में सन् 2005 में इकरारनामा के माध्यम से गीता देवी माली से 02 दुकाने क्रय की थी लेकिन दोनो दुकानों की रजिस्ट्री नही करवाने से डिक्रीदार ने न्यायालय में वाद दायर किया जिसको न्यायालय ने डिक्रीदार के पक्ष में निर्णित किया इसके बाद भी गीता देवी माली के वारिसान ने डिक्रीदार को रजिस्ट्री नही करवाई जिससे डिक्रीदार को न्यायालय द्वारा रजिस्ट्री करवाकर मौके पर दुकान का कब्जा सुपुर्द करवाया गया। डिक्रीदार की ओर से न्यायालय में पैरवी सुनिल कुमार जैन अधिवक्ता द्वारा की गई। इस फैसले को लेकर नगर में चर्चा का बाजार गर्म रहा।

## बूंदी आगार से 11 नई बसों को एडीम सीलिंग रमेश देव ने हरि झंडी दिखाकर विभिन्न विभिन्न मार्गों पर किया रवाना

स्मार्ट हलचल

**बूंदी** आगार में आज 1 अगस्त शनिवार से 11 नई बसों को मार्ग पर भेजा गया जिसका शुभारंभ एडीएम सीलिंग रमेश देव के द्वारा हरि झंडी दिखा कर किया गया जिसमें केशोरायपाटन सुबह 7:15बजे की 3 चक्कर नई बस एवं डिगी कल्याण बस वाया कोटा बूंदी देवली टोडा मालपुरा मार्ग हेतु हरि झंडी दिखा कर रवाना की गई साथ ही प्रातः 4:30बजे बूंदी से कोटा जंक्शन की बस का भी यात्रियों ने लाभ लिया और मात्र 55 रुपए पुरुष व 30 रुपए में महिला यात्रियों ने सीधा कोटा रेल्वे स्टेशन की यात्रा का लाभ लिया इस प्रकार बूंदी आगार द्वारा नवीन बसों को वर्तमान के जयपुर अजमेर खाटूश्यामजी आदि मार्गो पर नवीन बसों को भेजा और यात्रियों को नई बस का सुखद लाभ मिला बसों के शुभारंभ के दौरान मुख्य प्रबंधक डॉ घनश्याम गौड़ ने एडीएम साब का स्वागत किया एवं प्रबंधक संचालन महेंद्र कुमार मीणा व अन्य रोडवेज स्टाफ उपस्थित रहे साथ ही सेवानिवृत रोडवेज स्टाफ को भी सम्मान पूर्वक शुभारंभ में बुलाया गया नवीन बसों से यात्री एवं बूंदी वासियों को राहत भरे सफर की सौगात मिलेगी।

### ‘छात्र-युवाओं की समस्याओं के प्रति पूरी तरह असंवेदनशील हो चुकी है केंद्र सरकार : भानूप्रताप ‘

# मोदी सरकार युवाओं को बेरोजगार और उनके भविष्य से खिलवाड़ कर रही है अशोक चांदना

स्मार्ट हलचल

**कोटा** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर चलाए जा रहे देशव्यापी ‘छात्रों की गूंज’ अभियान के तहत शनिवार को शहर एवं देहात जिला कांग्रेस कमेटी, कोटा के संयुक्त तत्वावधान में जिला कलेक्ट्रेट का विशाल घेराव एवं प्रदर्शन किया गया। नयापुरा स्थित जेकेलोन हॉस्पिटल के सामने से हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, छात्र-युवाओं एवं आमजन ने हाथों में छात्र हितों एवं मोदी सरकार की नीतियों के विरोध में तख्तियां लेकर पैदल मार्च निकाला। शांतिपूर्ण रैली नारेबाजी करते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां घंटों तक घेराव एवं प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया जाकर जिला कलेक्टर को धरना स्थल पर बुलाकर पाचो विधायको एवं दोनों जिलाध्यक्षों राखी गौतम, भानूप्रताप ने ज्ञापन सौपा

**इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त**

गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष एवं अभियान के कोटा संयोजक जिग्नेश मेवानी ने कहा कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज लोकतंत्र पर हमला है। छात्रों की आवाज को बलपूर्वक दबाया नहीं जा सकता। अभी तो केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद प्रधान ने इस्तीफा दिया है इसके बाद अमित शाह और नरेंद्र मोदी जी से भी इस्तीफा मांगा जाएगा यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक छात्रों को न्याय नहीं मिल जाता। कांग्रेस छात्रो युवाओं हितों की रक्षा के लिए उनके साथ खड़ी है। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री एवं कोटा उत्तर विधायक शांति धारीवाल ने कहा कि देश की शिक्षा व्यवस्था अभूतपूर्व संकट से गुजर रही है। लगातार हो रहे पेपर लीक, भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं और बढ़ती बेरोजगारी ने युवाओं का भविष्य खतरे में डाल दिया है। कांग्रेस छात्रों और युवाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगी। शहर जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष राखी गौतम ने कहा कि देश की शिक्षा व्यवस्था लगातार संकट में है। पेपर लीक, बढ़ती बेरोजगारी और छात्रों के साथ अन्याय ने युवाओं का भविष्य अंधकारमय बना दिया है। कांग्रेस छात्रों की आवाज को दबने नहीं देगी और उनके अधिकारों की लड़ाई सड़क से संसद तक मजबूती से लड़ेगी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं कोटा प्रभारी पुष्पेंद्र भारद्वाज ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अनियमितताओं, भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक और बढ़ती बेरोजगारी ने देश के युवाओं का विश्वास तोड़ा है। कांग्रेस इन मुद्दों पर निर्णायक लड़ाई लड़ रही है और सरकार को जवाब देना होगा। देहात जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भानूप्रताप ने कहा कि केंद्र सरकार छात्र-युवाओं की समस्याओं के प्रति पूरी तरह असंवेदनशील हो चुकी है। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का संघर्ष लगातार जारी रहेगा। पूर्व मंत्री अशोक चांदना ने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। शिक्षा और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों से ध्यान हटाकर जनता को गुमराह किया जा रहा है, लेकिन कांग्रेस युवाओं की आवाज बनकर उनके हक की लड़ाई मजबूती से लड़ती रहेगी। विधायक चेतन पटेल ने कहा कि देश का युवा पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार चाहता है, लेकिन केंद्र सरकार इन मूलभूत मांगों पर पूरी तरह विफल साबित हुई है। अब युवाओं का आक्रोश पूरे देश में दिखाई दे रहा है। विधायक सी.एल. प्रेमी ने कहा कि छात्रों की लोकतांत्रिक आवाज को दबाने का हर प्रयास असफल होगा। कांग्रेस शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर युवाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है लोकसभा प्रत्याशी रहे प्रहलाद गुंजल ने कहा कि देश का युवा आज रोजगार, पारदर्शी भर्ती और बेहतर शिक्षा की मांग कर रहा है, लेकिन केंद्र सरकार उसकी आवाज सुनने को तैयार नहीं है। कांग्रेस युवाओं के संघर्ष में हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। लाडपुरा के पूर्व प्रधान नईमुद्दीन गुड्डु ने मांग की कि छात्रों पर दर्ज मुकदमे तत्काल वापस लिए जाएं तथा निर्दोष छात्रों पर लाठीचार्ज करने वाले दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ न्यायिक कार्रवाई की जाए। लोकतंत्र में छात्रों की आवाज को दबाना किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। कांग्रेस नेता डॉ. विजय सोनी ने बताया कि प्रदर्शन के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अनियमितताओं, भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक, बढ़ती बेरोजगारी, दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलनरत छात्रों पर हुए लाठीचार्ज तथा विभिन्न राज्यों में छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यह जनआंदोलन छात्रों और युवाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर जारी रहेगा और इसकी गूंज दिल्ली तक पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ,पीसीसी महासचिव अमित धारीवाल, डॉ जफर मोहम्मद , खेल प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष आमीन पठान,पीसीसी महासचिव अनूप ठाकुर,पीसीसी सचिव शिवकांत नंदनवाना,महासचिव डॉ विजय सोनी,शिवराज गुंजल , क्रांति तिवारी , आबिद कागजी , मंजूर तंवर , सदस्य किशोर मदनानी , सह प्रभारी धर्मराज मेहरा , निवर्तमान महापौर मंजू मेहरा, सोनू कुरैशी , नगर परिषद सदस्य आईना महक महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुमन मठ सिंघला , युवा कांग्रेस प्रदेश स्वप्निल शर्मा ,शार्लेट सामू , मालती शर्मा , रेहाना अंसारी , बुलबुल पंवार , पुष्पा शर्मा , उर्मिला शर्मा , सुमन पेशवानी , शिवांगनी सोनी , सपना बुर्ट ,सिख कल्याण बोर्ड उपाध्यक्ष हरपाल राणा , ब्लॉक अध्यक्ष ललित शर्मा , नेवालाल गुर्जर , जयेश श्रृंगी , जोंटी बिरवालविधायक सी ल प्रेमी विधायक चेतन पटेल लाडपुरा प्रधान नईमुद्दीन गुड्डु युवा कांग्रेस देहात अध्यक्ष मोईजुद्दीन गुड्डु एससी काँग्रेस जिला अध्यक्ष परसराम बैरवा ,सामाजिक न्याय अधिकारिता प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष गजराज सिंह एनएसयूआई जिला अध्यक्ष निरंजन योगी पूर्व उपप्रधान रईस ख़ान कच्ची बस्ती काँग्रेस जिला अध्यक्ष शिवराज गुर्जरजिला उपाध्यक्ष रामकैलाश मेघवाल सिमलिया ब्लॉक अध्यक्ष गीता मेघवाल, रामगंजमंडी ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र गोयंदा अनूप मेहरा , आशु गंभीर , जिला उपाध्यक्ष अनुराग गौतम , एससी प्रदेश कमेटी दिनेश खटीक , पारस वर्मा , एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विशाल मेवाड़ा ,प्रदेश सचिव रिधम शर्मा , युवा कांग्रेस अध्यक्ष मौजूद्दीन गुड्डू , सेवादल अध्यक्ष प्रेम लाहौरिया , अब्दुल हमीद, जवाहर बाल मंच अध्यक्ष शुभम खुराना , एससी प्रकोष्ट अध्यक्ष अशोक मेघवाल , एसटी अध्यक्ष कमलेंद्र मीणा , खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष सोनू अब्बासी , अल्पसंख्यक अध्यक्ष जुबेर अहमद , कच्ची बस्ती प्रकाश अध्यक्ष शिवराज गुर्जर , नरोत्तम शर्मा , कानूनी विभाग प्रकोष्ठ अध्यक्ष पदम गौतम ,सहकारिता प्रकोष्ठ अध्यक्ष विजय पंडित , ओबीसी प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव विनोद पारेता , उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव शिव कुमार सोनी , सचिव प्रदीप यादव , अभाव अभियोग प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष गिरिराज भार्गव , महासचिव भानु सिंह , सचिव गोपाल गुप्ता , सामाजिक न्याय प्रकोष्ठ अध्यक्ष कान सिंह संगठन महासचिव राधेश्याम वर्मा , उपाध्यक्ष जगदीश ठाडा , राकेश सोरल, प्रदीप मालवीय , शंकर नरवाल , अनिल सुवालका , शफ़रुद्दीन गुड्डा कुरैशी , लियाकत हुसैन अंसारी , राकेश शर्मा राकू , जितेंद्र चौहान , शमीम खान , प्रमोद त्रिपाठी , हेमराज गौतम , सुभाष सैनिक , रामेश्वल सुवालका , मोहम्मद रफीक , राजेंद्र राजावत , विकास जैन महासचिव श्याम गौतम , विपिन बरथुनिया , डॉ परवेज खान , अनूप कुमार , पं लालचंद्र वर्मा ,मनीष गोचर , एड राकेश गुप्ता , हिमांशु शर्मा , विजय गुप्ता , प्रकाश मलकानी , इसरार मोहम्मद , मनोज गुप्ता , कपिल शर्मा , प्रशांत सक्सेना , धर्म गोचर , दीपक शर्मा , बबलू कसाना , अरुण गौतम , खेमराज टीटू, उमाशंकर नामा , सुलेमान बादशाह , अफजल हुसैन , कोषाध्यक्ष दिलीप पाठक ,सचिव सोनू अब्बासी , रफीक अहमद , कुलदीप प्रजापति , हेमराज पांचाल , आबिद कुरैशी , बाबू खान , अब्दुल।नईम , लेखराज सैनी , चंदन वाल्मीकि , दिनेश कालरा , राजू पहाड़िया , भारत महाराजा , इरफान घोसी , अजय गुप्ता , हरिप्रकाश मीणा , दीपक शर्मा , विशाल सोलंकी, एडवोकेट परवेज , योगेश विजय , नितिन नागर, मोहन सुवालका , पप्पू केवट , मोहन सैनी ,मनीष गुर्जर , राकेश मेहरा , विकार बैरवा , संजय जैन , वसीम भाटी , योगेश चावला , राहुल पुरुस्वानी , मुरली महावार , हेमंत चतुर्वेदी

हजारों संख्या में कांग्रेस जन,छात्र सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्षगण, उत्तर एवं दक्षिण के समस्त पार्षदगण, अग्रिम संगठनों, मंडलों एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्षगण, एनएसयूआई, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल के कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।



## भीलवाड़ा के खाटूश्याम-मंदिर में पहले प्रसाद चढ़ाया, फिर चोरी की



### सीसीटीवी फुटेज से पुलिस ने पकड़ा, कोर्ट ने भेजा जेल

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** भीलवाड़ा के जहाजपुर में एक मंदिर में चोरी करने पहुंचे युवक ने पहले प्रसाद चढ़ाया, फिर मौका मिलते ही दान पात्र में रखा कैश लेकर फरार हो गया। वारदात 13 जुलाई को जहाजपुर थाना क्षेत्र के खाटू श्याम मंदिर में हुई थी, जिसका एक वीडियो भी सामने आया है। हालांकि पुलिस ने 31 जुलाई को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी दयाराम चौधरी ने बताया कि खाटू श्याम मंदिर समिति की ओर से दानपात्र से नकदी चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामले की गंभीरता से जांच करते हुए पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर आरोपी सुरेश कालबेलिया को गिरफ्तार किया। उसने बताया कि उसने पहले श्याम बाबा को प्रसाद चढ़ाया, उसके बाद दानपात्र से दान की राशि चुराई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने एक और चोरी की वारदात का खुलासा किया। उसने कबूल किया कि जिस कबाड़ी के यहां वो अक्सर कबाड़ बेचने जाता था, वहां से करीब 35 किलो तांबा भी चुराया था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चुराया गया तांबा भी बरामद कर लिया। शनिवार को पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## थाने से महज 50 मीटर दूर आधे घंटे तक चला तांडव : पानी के कैंपर को लेकर दो व्यापारियों में खूनी संघर्ष, लाठी-सरिये चले

### हॉस्पिटल रोड पर मची अफरा-तफरी, सूचना के बावजूद देर से पहुंची पुलिस; व्यापारियों में रोष

स्मार्ट हलचल

**नीरज मीणा मंडावर।** कस्बे के सबसे व्यस्त हॉस्पिटल रोड पर शनिवार सुबह मामूली विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। आरओ पानी के कैंपर पहले भरवाने की बात को लेकर दो व्यापारियों के बीच शुरू हुई कहासुनी कुछ ही मिनटों में खूनी संघर्ष में बदल गई। दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और बीच सड़क पर लाठी-डंडों एवं लोहे के सरियों से एक-दूसरे पर हमला कर दिया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और राहगीरों में दहशत फैल गई। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि यह पूरी घटना मंडावर पुलिस थाने से महज 50 मीटर की दूरी पर करीब आधे घंटे तक चलती रही, लेकिन सूचना मिलने के बावजूद पुलिस समय पर मौके पर नहीं पहुंची। घटना को लेकर स्थानीय व्यापारियों और आम नागरिकों में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर भारी नाराजगी देखने को मिली।

**पानी भरवाने की बात पर शुरू हुआ विवाद**




जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब 11 बजे हॉस्पिटल रोड स्थित अतुल आरओ प्लांट से मिनरल वाटर सप्लाई करने वाला वाहन पहुंचा था। आसपास के दुकानदार अपने-अपने पानी के कैंपर भरवा रहे थे। इसी दौरान जैन साइकिल स्टोर और राजू वस्त्र भंडार (बनावड़ वाले) के बीच पहले पानी भरवाने को लेकर विवाद हो गया। शुरुआत में दोनों पक्षों के बीच केवल कहासुनी हुई, लेकिन कुछ ही देर में मामला गाली-गलौज तक पहुंच गया। इसके बाद दोनों पक्षों ने अपने-अपने लोगों को बुला लिया और देखते ही देखते बीच सड़क पर लाठी-डंडे तथा लोहे के सरियों से हमला शुरू हो गया। सड़क पर खुलेआम हुई मारपीट से आसपास के दुकानदारों ने अपनी दुकानें छोड़ दीं और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए।

**राहगीरों में मची दहशत, बाजार का माहौल बिगड़ा**

व्यस्त बाजार में अचानक हुई इस हिंसक झड़प के कारण कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ। राहगीरों और महिलाओं में भय का माहौल बन गया। कई लोगों ने सुरक्षित स्थानों पर जाकर खुद को बचाया, जबकि आसपास के व्यापारियों ने दुकानों के बाहर निकलकर हालात को संभालने का प्रयास किया।

**सूचना के बाद भी नहीं पहुंची पुलिस**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना शुरू होते ही कई लोगों ने मंडावर पुलिस को फोन कर तत्काल मौके पर पहुंचने की सूचना दी। आरोप है कि थाना पास में होने के बावजूद काफी देर तक पुलिस का कोई भी अधिकारी या जवान मौके पर नहीं पहुंचा। इससे झगड़ा लगातार बढ़ता गया और दोनों पक्ष एक-दूसरे पर हमला करते रहे।

**स्थानीय लोगों ने कराया बीच-बचाव**

स्थिति लगातार बिगड़ती देख आसपास के दुकानदारों और राहगीरों ने अपनी जान जोखिम में डालकर दोनों पक्षों के बीच हस्तक्षेप किया। काफी मशक्कत के बाद लोगों ने दोनों पक्षों को अलग किया और समझाइश देकर मामला शांत कराया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि समय रहते स्थानीय लोग बीच-बचाव नहीं करते तो घटना और भी गंभीर रूप ले सकती थी।

**आधे घंटे बाद पहुंची पुलिस**

प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि झगड़ा पूरी तरह शांत होने के करीब आधे घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक दोनों पक्ष अलग हो चुके थे और स्थिति सामान्य हो गई थी। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और बिना किसी विशेष कार्रवाई के वापस लौट गई। इस घटनाक्रम से व्यापारियों में पुलिस की कार्यशैली को लेकर नाराजगी और बढ़ गई।

**व्यापारियों ने उठाए कानून-व्यवस्था पर सवाल**

घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उनका कहना है कि जब पुलिस थाना इतनी कम दूरी पर होने के बावजूद समय पर नहीं पहुंच सका, तो दूर-दराज क्षेत्रों में किसी आपात स्थिति में लोगों को किस प्रकार सुरक्षा मिलेगी। व्यापारियों ने कहा कि बाजार जैसे संवेदनशील क्षेत्र में इस तरह की घटना कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए तथा पुलिस की देरी की भी जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## मुख्य सचिव से मिले कुलगुरु प्रो. बी.पी. सारस्वत व प्रो निमित चौधरी, उच्च शिक्षा के रोडमैप पर हुई चर्चा

### मुख्य सचिव से भेंट में कुलगुरुओं ने रखी कोटा विश्वविद्यालय की उपलब्धियों और भविष्य की कार्ययोजना

**कोटा विवि के कुलगुरु प्रो. बी.पी. सारस्वत एवं राजस्थान तकनीकी विवि के कुलगुरु प्रो निमित चौधरी ने मुख्य सचिव से की शिष्टाचार भेंट**

**मुख्य सचिव ने सराहा विश्वविद्यालयों के विजन, शोध और नवाचार को बताया विकास का आधार**



स्मार्ट हलचल

**कोटा/जयपुर।** कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. बी.पी. सारस्वत एवं राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. निमित चौधरी ने राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास से शिष्टाचार भेंट कर प्रदेश में उच्च शिक्षा के सुदृढ़ीकरण, शोध एवं नवाचार, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा विश्वविद्यालयों की भावी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की। मुख्य सचिव ने दोनों विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक प्रगति और विकासोन्मुखी दृष्टिकोण की सराहना करते हुए राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलगुरु कार्यालय के ओएसडी अजय शर्मा भी उपस्थित रहे भेंट के दौरान प्रो. बी.पी. सारस्वत ने प्रदेश में आयोजित होने वाली राजस्थान राज्य पात्रता परीक्षा (स्धङ्ग-2026) की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा का आयोजन इस वर्ष कोटा विश्वविद्यालय द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने परीक्षा की पारदर्शिता, सुचारु संचालन तथा अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए किए जा रहे प्रशासनिक एवं तकनीकी प्रबंधों से मुख्य सचिव को अवगत कराया। प्रो. सारस्वत ने बताया कि एक वर्ष से भी कम समय में विश्वविद्यालय ने 10 से अधिक अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक समझौते (एमओयू) कर वैश्विक अकादमिक सहयोग की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप नए पाठ्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं, डिजिटल सुविधाओं का विस्तार किया गया है तथा साइबर सुरक्षा, वैज्ञानिक लेखन, शोध नैतिकता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे समकालीन विषयों पर कार्यशालाओं का आयोजन कर विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को नई तकनीकों से जोड़ने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य बजट में भगवान बिरसा मुंडा शोधपीठ की घोषणा विश्वविद्यालय में अनुसंधान गतिविधियों को नई गति प्रदान करेगी। उन्होंने विश्वविद्यालय के दीर्घकालिक विजन पर प्रकाश डालते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, आधुनिक शोध सुविधाओं के विस्तार, उद्योग-अकादमिक सहयोग, कौशल विकास, डिजिटल शिक्षा तथा रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों को प्राथमिकता देने की जानकारी दी। साथ ही राज्य सरकार के सहयोग से उच्च शिक्षा को और अधिक गुणवत्तापूर्ण एवं प्रतिस्पर्धी बनाने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. निमित चौधरी ने विश्वविद्यालय में संचालित शोध, नवाचार, उद्योग-संस्थान सहयोग, कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप अधिक प्रभावी बनाने के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण तथा विद्यार्थियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप तैयार करने की दिशा में चल रही पहलों पर भी प्रकाश डाला। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि विश्वविद्यालयों को ज्ञान, अनुसंधान और नवाचार के उत्कृष्ट केंद्र के रूप में विकसित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों को उद्योग-अकादमिक सहयोग, कौशल विकास, गुणवत्तापूर्ण शोध और नवाचार पर विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि प्रदेश के युवा वैश्विक स्तर की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बन सकें। उन्होंने विश्वविद्यालयों के अधोसंरचना विकास, शैक्षणिक उत्कृष्टता और अनुसंधान गतिविधियों के लिए राज्य सरकार की ओर से आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया।

## आयुर्वेद विभाग में सेवानिवृत्ति चिकित्सकों की पुन: नियुक्ति का विरोध

स्मार्ट हलचल

**( दिनेश लक्षकार) गंगापुर** राजस्थान आयुर्वेद चिकित्सा संघ भीलवाड़ा के जिला अध्यक्ष डॉक्टर सतीश शर्मा द्वारा प्रमुख शासन सचिव आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा विभाग शासन सचिवालय जयपुर को उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग, जिला भीलवाड़ा के माध्यम से एक ज्ञापन दिया गया जिसमें उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के आदेश अनुसार आयुर्वेद विभाग में चिकित्सा अधिकारी के लगभग 926 पद रिक्त हैं ,उन पदों पर नियमित भर्ती करवा कर बेरोजगार आयुर्वेद चिकित्सकों को न लगाकर सेवानिवृत्ति सरकारी अधिकारी कर्मचारियों की सेवाएं समेकित श्रमिक के आधार पर एक वर्ष या राजस्थान लोक सेवा आयोग से चयनित अभ्यर्थी उपलब्ध होने तक ,इनमें जो भी पहले हो ,उसके लिए पूर्ण नियुक्ति लिए जाने का आदेश निदेशक महोदय ने किया है। एक तरफ विभाग 62 वर्षीय सेवा आदेश माननीय न्यायालय द्वारा किए जाने के बावजूद उसको नहीं मानते हुए सर्वोच्च न्यायालय में एसएलपी दायर कर रही है । दूसरी तरफ 65 वर्ष तक पूर्ण नियुक्ति के आदेश कर रही है। जो सरासर गलत है बेरोजगार आयुर्वेद चिकित्सकों की नियुक्ति रिक्त पदों पर की जाए ताकि उपरोक्त चिकित्सक नियमित भर्ती में शामिल होकर स्वास्थ्य केंद्र पर लंबे समय तक सेवा दे सकें और सरकार की बेरोजगारी दूर करने की नीतियों को आगे आगे बढ़ाया जा सके राजस्थान आयुर्वेद चिकित्सालय सरकारी संघ सेवानिवृत्ति चिकित्सा अधिकारियों की पुन: नियुक्ति का घोर विरोध करता है ।एवं निवेदन करता है कि बेरोजगार आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों को नियमित भर्ती होने तक यह अवसर प्रदान किया जाए।



# इन टिप्स को फॉलो करके बढ़ाएं अपना कॉन्फिडेंस

**आमतौर पर कई लोगों को दूसरे व्यक्ति से बात करने में काफी झिझक होती है। वे लोग सामने वाले व्यक्ति से बात करने के लिए काफी सोचते हैं कैसे बात करें। अगर आप भी इन्हीं में से हैं तो आप इन टिप्स को फॉलों करें।**

जब कॉन्फिडेंस की कमी हो तो आपकी पर्सनैलटी काफी कमजोर दिखाई देती है। अगर आप भी किसी दूसरे व्यक्ति से बात करने के दौरान झिझकतें है तो यह अच्छा नहीं है। वहीं किसी से बात करते समय झिझकना आपकी पर्सनैलिटी पर बुरा प्रभाव डल देता है। आज हम इस लेख में आपको बताएंगे कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं जिन्हें आप फॉलो करते अपनी व्यक्तित्व में निखार ला सकते हैं।

## सेल्फ टॉक करें

जब आप दूसरे से बात करते समय काफी झिझकते हैं, तो आप इसके लिए सेल्फ टॉक करने की आदत डालें। रोजाना शीशे में खुद से बात करें। ऐसा करने से आपको कॉन्फिडेंस बढ़ेगा और झिझक दूर होगी। कई बार होता है कि किसी से बात करें तो डरे नहीं और सहज रहने की कोशिश करें, क्योंकि डरने से हमारा कॉन्फिडेंस लेवल डाउन हो जाता है।

## ज्ञान रखना जरुरी

आप हमेशा याद रखें कि जितना ज्ञान होगा उतना ही जुबान चलती है। हो सके ज्ञान हासिल करने का प्रयास करें। क्योंकि इससे बोलने के अंदाज में निखार आता है और हम आसानी से अपनी बात सामने वाले के समाने रख पाते हैं।



# दुनिया भर के छात्रों की पहली है जर्मनी

**जर्मनी तेजी से दुनिया भर के छात्रों की पहली पसंद बनता जा रहा है। जर्मनी में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर दिया जाता है। इससे दुनिया भर के छात्र बेस्ट एजुकेशन डेस्टिनेशन के तौर पर जर्मनी को देख रहे हैं। साल दर साल के हिसाब से जर्मनी में भारतीय छात्रों की संख्या 7 फीसदी के हिसाब से बढ़ रही है। जर्मनी की ओर आकर्षित होने के कई कारण हैं जिनमें से कुछ हायर एजुकेशन की कम फीस, पढ़ने के बाद आसानी से वर्क परमिट मिलना आधि शामिल हैं। देश की नीति भी छात्रों के हित में रहती है। इससे जर्मनी पहुंचने वाले विदेशी छात्रों की संख्या में और बढ़ोतरी हुई है।**

## एचडब्ल्यूके फेलोशिप

एचडब्ल्यूके स्कॉलरशिप काफी योग्य वैज्ञानिकों को दी जाती है। फेलोशिप प्रॉजेक्ट के आधार पर जर्मनी में पढ़ने के लिए रेग्युलेर फेलोशिप और जूनियर फेलोशिप तीन और 10 महीने के लिए दी जाती है।

## मैनहीम यूनिवर्सिटी डॉचलैंड स्कॉलरशिप

यह स्कॉलरशिप मैनहीम यूनिवर्सिटी द्वारा शुरू की गई है। यह मेरिट आधारित स्कॉलरशिप है। ग्रैजुएशन, पोस्ट ग्रैजुएशन आदि की पढ़ाई करने वाले छात्र इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। करीब 24,000 रुपये हर महीने स्कॉलरशिप के तौर पर मिलते हैं।

## जीएसएलएस फेलोशिप, विर्जवर्ग यूनिवर्सिटी, जर्मनी

तीन सालों के लिए यह फेलोशिप विर्जवर्ग यूनिवर्सिटी, जर्मनी द्वारा पीएचडी फेलोज को दी जाती है। इस स्कॉलरशिप के लिए लाइफ साइंस के किसी भी विषय में डिग्री जरूरी होनी चाहिए। इस फेलोशिप में हर साल करीब 4 लाख रुपये रिसर्च के खर्च, यात्रा आदि पर खर्च के लिए दिए जाते हैं।

## साइंस और इंजिनियरिंग में डीएएडी इंटर्नशिप

इस इंटर्नशिप के साथ जर्मनी में मौजूदा रिसर्च परियोजनाओं के हिस्से के तौर पर डॉक्टोरल स्टूडेंट्स, साइंटिस्ट्स या प्रफेसरों के साथ काम करने का मौका मिलता है। मैथमेटिक्स, इंजिनियरिंग और साइंस के स्टूडेंट फाइनल इयर में या उससे पहले साल में इन इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें ट्रैवल अलाउंस के तौर पर हर महीने में करीब 50 हजार रुपये मिलता है।

## हमबोल्ड्ट रिसर्च ट्रैक स्कॉलरशिप

यह स्कॉलरशिप उन पीएचडी आवेदकों के लिए हैं जो जर्मनी में पढ़ना चाहते हैं। किसी भी डिसिप्लिन में मास्टर डिग्री धारक इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें 6 महीने तक करीब 63 हजार रुपये तक मिलते हैं। करीब 32 हजार रुपये हर महीने चुने हुए स्कॉलर के बच्चों के खर्च के लिए दिए जाते हैं।

## बोहरिंगर इंगेलहिम फोंड्स पीएचडी फेलोशिप

भारत के जूनियर साइंटिस्ट बायॉमेडिकल रिसर्च के लिए इस स्कॉलरशिप का फायदा उठा कते हैं। वे जर्मनी के हायर एजुकेशन इंस्टिट्यूट में पीएचडी कर सकते हैं। स्कॉलरशिप के तहत साइंटिफिक रिसर्च और लैब/फील्ड एक्सपेरिमेंट्स के लिए फंड दिया जाता है। इस स्कॉलरशिप के तहत करीब 1.20 लाख रुपये मासिक भत्ता, करीब 12 हजार रुपये अनुसंधान भर्ता और 24 महीने की अवधि के लिए पत्नी और बच्चों के अन्य भत्ते दिए जाते हैं।

## आइंस्टाइन फेलोशिप, जर्मनी

आइंस्टाइन फोरम और डैमर ऐंड बेंज फाउंडेशन भारत के ह्यूमैनिटीज, सोशल साइसेंज या नैचरल साइसेंज के छात्रों को ये फेलोशिप देता है। फेलोशिप के तहत छात्रों को मासिक भत्ता और रिसर्च फंड मिलता है। इस फेलोशिप के लिए छात्रों के पास पीएचडी डिग्री होना जरूरी नहीं है। इस फेलोशिप में करीब 8 लाख रुपये स्टाइपेंड एक ही बार दिया जाता है। इसके अलावा 5-6 महीनों के लिए यात्रा का रीइम्बर्समेंट और आवास की सुविधा मुहैया कराई जाती है।





# यूपीएससी के अलावा भी हैं करियर विकल्प

**यूपीएससी परीक्षा लगभग हर भारतीय छात्रों की पहली च्वॉइस होती है। हालांकि, इसमें सफलता पाना बहुत कठिन होता है। कई छात्र तैयारी तो करते हैं, लेकिन कुछ अंक से पीछे रह जाते हैं। यही नहीं, कुछ छात्र लगातार असफलता पाने के बाद इतने निराश हो जाते हैं कि वो डिप्रेशन का शिकार तक होने लगते हैं। हालांकि, ये जरूरी नहीं कि आप आईएस नहीं बन पा रहे हैं, तो आप कुछ भी नहीं कर सकते हैं।**

यूपीएससी की तैयारी करने वाले असफल हो रहे छात्र इसके अलावा भी करियर विकल्प को सिलेक्ट कर सकते हैं। अगर आप यूपीएससी की तैयारी कर रहे हैं और उसमें सक्सेस नहीं हो पा रहे हैं, तो आपके लिए नौकरियों के अन्य विकल्प भी हैं, जिनमें आप अपना करियर बना सकते हैं। यहां कुछ विकल्प दिए गए हैं, जो आपके लिए काम के हो सकते हैं।

## शिक्षा क्षेत्र में सरकारी या गैर सरकारी नौकरी

अगर आप यूपीएससी की परीक्षा में हर बार चुक जा रहे हैं, तो आपको निराश होने की जरूरत नहीं है। आप अपने करियर के लिए अन्य विकल्प भी चुन सकते हैं। आप एक शिक्षक भी बन सकते हैं। आप अपना कोचिंग सेंटर भी चला सकते हैं। आप चाहें तो ऑनलाइन क्लासेस भी ले सकते हैं।

## पुलिस सेवाएं

अगर आप यूपीएससी की परीक्षा में लगातार फेल हो रहे हैं, तो आपको निराश होने की जरूरत नहीं है। आप इसके अलावा पुलिस में भर्ती होकर भी देश की सेवा कर सकते हैं। परीक्षा के लिए आपको थोड़ा बहुत सेट प्रैक्टिस और जनरल नॉलेज से जुड़ी चीजों को पढ़ना होगा।

## आर्मी में भर्ती

यूपीएससी की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए आर्मी में नौकरी पाना थोड़ा आसान हो सकता है, क्योंकि इसके सिलेबस यूपीएससी की अपेक्षा थोड़े आसान होते हैं। ऐसे में, आप सेना में भर्ती होकर देश की सेवा कर सकते हैं।

## पत्रकारिता में करियर

अगर आप यूपीएससी की तैयारी करके अब हार मान चुके हैं, तो भी आपको बहुत ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप इसके बाद भी अपने करियर में नया मोड़ ला सकते हैं। चूंकि यूपीएससी की पढ़ाई करने वाले छात्रों के पास बहुत नॉलेज होती है। ऐसे में, आप पत्रकार बन सकते हैं। पत्रकार को हर तरह से नॉलेजबल होना जरूरी होता है। पत्रकारिता का कोर्स करके आप समाचार पत्रों या न्यूज़ चैनलों में काम कर सकते हैं।





**हर साल हजारों की तादाद में छात्र इंजीनियरिंग की डिग्री लेकर कॉलेज से पास आउट होते हैं। इंजीनियरिंग की पढ़ाई कोई आसान नहीं होती। हालांकि, इतना कुछ करने के बाद भी कई लोग ऐसे हैं जिन्हें नौकरी नहीं मिलती हैं। चलिए जानते हैं आखिर क्यों भारत में इंजीनियरिंग करने वाले छात्रों को नौकरी के लिए भटकना पड़ रहा है।**

# भारत में इंजीनियरिंग करने के बाद क्यों नहीं मिल रही नौकरी ?

आंकड़ों के अनुसार 3.5 लाख से 4 लाख इंजीनियर प्रति वर्ष इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करते हैं। ऑर्गनाइज्ड रिक्रूटमेंट के आंकड़े बताते हैं कि इनमें से लगभग 1.5 लाख को जॉब मिल जाता है वहीं बाकी के छात्रों को जॉब के लिए काफी भटकना पड़ता है। ऐसे में इन छात्रों को काफी दिक्कतों का सामना करना होता है। कई छात्र नौकरी ना मिलने पर अपनी फिल्ड भी चेंज कर लेते हैं। इस फिल्ड में आने वाले अधिकांश बच्चों के साथ ऐसा होता है। खासकर ज्यादा दिक्कत उन लोगों को आती हैं जिनके पास अनुभव नहीं होता है। कई छात्र को सालों तक इंटर्नशिप करना होता है। सालों तक इंटर्नशिप करने के बाद भी जरूरी नहीं की प्राइवेट कंपनी आपको नौकरी दे ही देगी। कम पद होने के कारण कंपनी अगर आपको हायर करती हैं तो वह काफी कम सैलरी देते हैं। कंपनी योग्यता से ज्यादा पैकेज देखती हैं जो व्यक्ति कम सैलरी पर राजी हो जाता है कंपनी उनको ही हायर करने का सोचती हैं। कई रिपोर्ट्स में कहा गया है कि- इंजीनियर की बाढ़ को देखते हुए अब कंपनी ने अपना रिक्रूटमेंट पैटर्न को बदल दिया है। इतना ही नहीं उनका यह भी कहना है कि आजकल के छात्र कम मेहनत में ज्यादा सैलरी चाहते हैं। जो कि बिलकुल भी संभव नहीं हैं। वहीं कई एचआर का कहना है कि कैंडिडेट इंटरव्यू तक क्लियर नहीं कर पाते हैं।

बता दें कि एक जमाने में सभी छात्र इंजीनियरिंग करने की चाह रखते हैं। हालांकि, अब देखें तो इंजीनियरिंग के छात्र भी अपनी नौकरी छोड़कर दूसरे फिल्ड में जाने का सोच रहे हैं। ऐसे में कई बड़े कॉलेज को भी इससे असर हुआ है। एडमिशन ना होने को कारण कई कॉलेज पर ताला तक लग चुका है।

## इंजीनियर को नौकरी ना मिलने का कारण

- इंजीनियरों की अधिक आपूर्ति
- उद्योग-प्रासंगिक कौशल का अभाव
- सॉफ्ट स्किल का अभाव
- प्रतिकूल आर्थिक स्थितियां

ऐसे कई कारण हैं जिनकी वजह से भारत में इंजीनियरिंग छात्रों को बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है। यहां जानिए कुछ सामान्य कारण –

- सरकारों को कौशल विकास कार्यक्रम प्रारंभ करना चाहिए।
- उद्यमिता को बढ़ावा देना जरूरी है।
- इंजीनियरिंग शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### टेस्ट सीरीज से पहले भारत के लिए खुशखबरी

## फिट हुआ टीम इंडिया का धाकड़ खिलाड़ी बुमराह

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ 15 अगस्त से दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। इसके लिए टीम इंडिया के स्क्वाड का भी ऐलान हो चुका है। साई सुदर्शन और जसप्रीत बुमराह का टीम में चयन सब्जेक्ट टू फिटनेस के आधार पर हुआ था। अब इनमें से एक खिलाड़ी पूरी तरह फिट हो गया है और टेस्ट सीरीज से पहले टीम इंडिया को खुशखबरी मिली है। जानकारी के मुताबिक भारत के स्टार तेज




गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। पीटीआई की जानकारी के मुताबिक तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने सभी फिटनेस टेस्ट पास कर लिए हैं। अब उन्हें बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) ने अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खेलने की अनुमति दे दी है। बुमराह को उनकी फिटनेस के आधार पर भारतीय टीम में शामिल किया गया था। वह हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के दौरान चोटिल हो गए थे। चोट के कारण उन्हें लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे वनडे से बाहर बैठना पड़ा था। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, 'जसप्रीत बुमराह चोट से उबर चुके हैं। उन्होंने फिटनेस से जुड़े सभी टेस्ट पास कर लिए हैं। उम्मीद है कि वह श्रीलंका के खिलाफ दोनों मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे क्योंकि वह टीम रणनीति का अभिन्न अंग हैं।'

**हर्षित, नितीश, सुंदर सीरीज से बाहर–** भारत और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट मैच 15 अगस्त से गॉल में शुरू होगा जबकि दूसरा मैच 23 अगस्त से कोलंबो में खेला जाएगा। भारत को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने की दौड़ में बने रहने के लिए वर्तमान चक्र के शेष नौ टेस्ट मैचों में से सात मैच में जीत दर्ज करनी होगी। न्यूजीलैंड के खिलाफ उसकी धरती पर होने वाली श्रृंखला से पहले भारत के लिए श्रीलंका में श्रृंखला को 2–0 के अंतर से जीतना बहुत महत्वपूर्ण है।

## इंडिया रॉयल्स का जीत से आगाज

### बांग्लादेश को 19 रन से हराया; अंकतालिका में पाकिस्तान आखिरी पायदान पर

**नई दिल्ली।** जाम्बिया में खेली जा रही एशियन लीजेंड्स लीग 2026 के अपने पहले मुकाबले में इंडिया रॉयल्स की टीम ने बांग्लादेश टाइगर्स को मात दी है। इस मुकाबले में भारत के लिए नमन ओझा ने कप्तानी की। शिखर धवन, सुरेश रैना, अंबाती रायडू, हरभजन सिंह जैसे दिग्गज खिलाड़ी इस मुकाबले में नहीं उतरे थे। अब रविवार को भारत का अगला मैच पाकिस्तान पैंथर्स की टीम से होगा। उस मुकाबले में कांटे की भिड़ंत हो सकती है। इस मैच की बात करें तो भारतीय टीम के कप्तान नमन ओझा ने टॉस जीतकर




पहले बल्लेबाजी चुनी थी। वह कुछ खास नहीं कर पाए थे और पारी की शुरुआत करते हुए 8 गेंद पर सिर्फ 1 रन बना सके। उनके बाद अभिषेक जलोटा 26 और असद पठान ने 22 रन की पारी खेली। अंत में सरुल कनवर ने नाबाद रहते हुए 40 रन की पारी खेली। भारतीय टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 135 रन बनाए। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। भारत के लिए शादाब जकाती सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 25 रन देकर तीन विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द मैच बने। उनके अलावा अनुरीत सिंह ने किफायती गेंदबाजी के साथ–साथ दो विकेट भी झटके। उन्होंने 4 ओवर में सिर्फ 12 रन ही दिए। अभिषेक जलोटा भी किफायती रहे। अभिषेक ने 3 ओवर में 11 रन देकर 1 विकेट झटका।

**भारत–पाकिस्तान का महामुकाबला, धवन, रैना, पठान समेत कई दिग्गज होंगे एक्शन में–** इसी के साथ भारत ने बांग्लादेश को 136 रन के लक्ष्य तक नहीं पहुंचने दिया। भारत के लक्ष्य के सामने बांग्लादेश टाइगर्स की टीम 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 116 रन ही बना सकी।



**डेकाथलन में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने**

### तेजस्विन को घुटने में दिक्कत

जब तेजस्विन ने डेकाथलन की शुरुआत 100 मीटर इवेंट में 10.96 सेकेंड के साथ की तो ऐसा लगा कि घुटने में दिक्कत हो रही है, लेकिन लॉन्ग जंप के दूसरे इवेंट तक उन्होंने साबित कर दिया कि वे कहीं नहीं जा रहे हैं। तेजस्विन ने लॉन्ग जंप में 7.82 मीटरकर का रिकॉर्ड बनाकर अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन है। इससे पहले उनका पर्सनल बेस्ट 7.67 मीटर था।

# तेजस्विन शंकर ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी तेजस्विन शंकर ने घुटने की चोट के बाद शानदार वापसी करते हुए इतिहास रच दिया। वह राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य जीतकर डेकाथलन स्पर्धा में पदक हासिल करने वाले पहले भारतीय बन गए। तेजस्विन ने दस खेलों की इस स्पर्धा में 7976 अंक बनाये। उनका नेशनल रिकॉर्ड 8057 पॉइंट्स का है। लंबे समय से चली आ रही घुटने की समस्या के कारण तेजस्विन ने ग्लास्गो खेलों की ऊंची कूद स्पर्धा से नाम वापिस ले लिया था। उन्होंने बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में ऊंची कूद में कांस्य जीता था। इसके साथ ही वह दो राष्ट्रमंडल खेलों में अलग अलग स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले भी पहले भारतीय बन गए।




**शॉट पुट में औसत प्रदर्शन–** शॉट पुट में तेजस्विन ने फिर से औसत प्रदर्शन किया और अपनी तीन कोशिशों में 13.09मीटर का बेस्ट थ्रो करके इवेंट को सातवें स्थान पर खत्म किया। फिर हाई जंप की बारी आई, जो शंकर का मजबूत पक्ष है। 2.29 मीटर के पर्सनल बेस्ट के साथ उन्हें अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी, लेकिन घुटने की दिक्कत की वजह से उन्होंने 2.15 मीटर का बेस्ट जंप रिकॉर्ड किया और कुल 944 पॉइंट्स कमाए।

**आठ इवेंट के बाद चौथे पर थे तेजस्विन–** दिन के आखिरी इवेंट 400मीटर में तेजस्विन अपने पर्सनल बेस्ट 48.29 सेकेंड से काफी पीछे थे, लेकिन उन्होंने 49.51 सेकेंड का समय निकाला। पोल वॉल्ट में तेजस्विन ने 4.30 मीटर बहुत आसानी से पार कर लिया। आठ इवेंट के बाद, तेजस्विन 6637 पॉइंट्स के साथ चौथे नंबर पर रहे, जबकि सैमी बॉल 6650 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर थे।

**जेवलिन थ्रो के बाद तीसरे पर पहुंचे तेजस्विन–** विक्टर ने जेवलिन थ्रो में 63.06 मीटर के बड़े थ्रो के साथ अपना गोल्ड मेडल पक्का किया और दूसरे नंबर पर रहे वार्नर से बड़ी बढ़त बना ली, जबकि तेजस्विन ने 53.12मीटर का सीजन बेस्ट थ्रो फेंका और 7272 पॉइंट्स के साथ मेडल की पोजीशन पर वापस आ गए।

### तेजस्विन ने भालाफेंक के बाद तीसरा स्थान हासिल कर लिया था

हांगझोउ एशियाई खेल 2023 के रजत पदक विजेता 27 वर्ष के तेजस्विन कनाडा के डेमियन वार्नर से पिछड़ गए जिन्होंने 8036 अंक लेकर रजत पदक जीता। पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ग्रेनाडा के लिंडन विक्टर ने 8096 अंक लेकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। तेजस्विन ने 9वीं स्पर्धा भालाफेंक के बाद तीसरा स्थान हासिल कर लिया था। 1500 मीटर में पांचवें स्थान पर रहने के बाद उसे बरकरार रखा।

## नीरज चोपड़ा को रजत से करना पड़ा संतोष

- यशवीर ने 4 एथलीटों को पछाड़ ब्रॉन्ज झटका

**नई दिल्ली।** भारतीय भालाफेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा कठिन हालात में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। यशवीर सिंह ने राष्ट्रमंडल खेलों में शुक्रवार (31 जुलाई) को आखिरी प्रयास में सर्वश्रेष्ठ थ्रो करके कांस्य पदक अपने नाम किया। उन्होंने 4 एथलीटों को पछाड़ा। टोक्यो ओलंपिक चैंपियन 28 वर्ष के नीरज चोपड़ा ने दूसरे प्रयास में इस सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 85.83 मीटर थ्रो फेंका जो दूसरे स्थान पर रहने के लिये काफी था। वह 19 जून को दोहा डायमंड लीग में 85.69 मीटर के थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे थे।



**सातवें से तीसरे पर पहुंचे यशवीर–** राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार उतरे 24 बरस के यशवीर ने छठे और आखिरी प्रयास में 85.41 मीटर थ्रो फेंककर सभी को चौंका दिया। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 83.72 मीटर था। वह पांचवें दौर के बाद 81.33 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से सातवें स्थान पर थे, लेकिन आखिरी प्रयास जबर्दस्त रहा। आखिरी राउंड शुरू होने से पहले यशवीर छठे पर थे। वर्ल्ड चैंपियन केशोर्न वालकॉट ने 82.55 मीटर का थ्रो किया और भारतीय एथलीट सातवें पर पहुंच गया।

### रूमेश थरंगा पथिरागे ने स्वर्ण जीता

श्रीलंका के स्टार रूमेश थरंगा पथिरागे ने अपेक्षा के अनुरूप 89.75 मीटर फेंककर स्वर्ण पदक जीता। बेहद सर्दी और तेज हवाओं के प्रदर्शन उनका यह प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंन जून में रोम डायमंड लीग में 92.62 मीटर का थ्रो फेंका था।

**अरशद नदीम 3 दौर के बाद बाहर–** भारत के रोहित यादव 81.56 मीटर के थ्रो के साथ सातवें स्थान पर रहे। वह कुछ देर के लिए तीसरे नंबर पर रहे, 81.56 मीटर के थ्रो के बाद काफी संघर्ष करते दिखे। पाकिस्तान के गत चैंपियन और मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम 77 .41 के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ तीन दौर के बाद बाहर हो गए। मौजूदा विश्व चैंपियन त्रिनिदार और टोबैगो के केशोर्न वालकॉट छठे स्थान पर रहे ।

## हर्ष-अस्मिता गोल्ड, यामिनी ने जूडो में जीता सिल्वर

### भारत के 20 पदक पूरे, 10वें दिन 13 मेडल दांव पर

**नई दिल्ली।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत के 20 मेडल पूरे हो गए हैं। जूडो में अस्मिता डे और हर्ष सिंह के गोल्ड के बाद 57 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में यामिनी मौर्या इंग्लैंड की असेल्या टोपरैक से हार गईं। उन्हें सिल्वर मेडल से ही संतोष करना पड़ा है। भारत को 9वें दिन जूडो में दो गोल्ड और एक सिल्वर मिला और कुल पदकों की संख्या 20 तक पहुंच गई। नीरज चोपड़ा के मुकाबले का हालांकि, सभी को इंतजार है। अब 10वें दिन की बात करें तो 13 मेडल दांव पर होने वाले हैं। वहीं बॉक्सिंग में भारत के पांच फाइनल मुकाबले होंगे। प्रीति पवार, अरुंधति चौधरी, जदुमणि सिंह, अंकुश पंघाल और जैस्मीन लम्बोरिया के फाइनल मुकाबले 10वें दिन 1 अगस्त 2026 को होंगे। यानी भारत को पांच मेडल बॉक्सिंग में मिल सकते हैं। इसके अलावा एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स में भी गोल्ड मेडल दांव पर होंगे।



## बॉक्सर अंकुश पंघाल की फाइनल में एंट्री



**नई दिल्ली।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में प्रीति पवार के बाद 31 जुलाई शुक्रवार को भारत के एक और मुक्केबाज ने फाइनल में जगह बना ली। 80 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में अंशुल पंघाल ने कनाडा के जोशुआ ओफोरी को 5-0 से हराया और अपना कम से कम सिल्वर मेडल पक्का कर लिया।

उनसे पहले महिला 54 किलोग्राम सेमीफाइनल मैच में प्रीति ने जाम्बिया की कैथरीन म्वापे को 5-0 से हराते हुए फाइनल में एंट्री की थी। अंकुश पंघाल की लगातार दूसरे मैच में यह 5-0 से जीत है।

## पाकिस्तान पैंथर्स को एशियन स्टार्स ने हराया

- डक पर आउट होने वाले दिलशान बने प्लेयर ऑफ द मैच, देवेन्द्र ने लगाया अर्धशतक

**नई दिल्ली।** एशियन लीजेंड्स लीग 2026 की शुरुआत हो चुकी है और इस सीजन के दूसरे मैच में पाकिस्तान पैंथर्स का सामना एशियन स्टार्स के साथ हुआ। मेहरान खान की कप्तानी में एशियन स्टार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान पैंथर्स को आसानी से 85 रन से हरा दिया और इस टीम की जीत में देवेंद्र सिंह की नाबाद तेज अर्धशतकीय पारी व तिलककरत्ने दिलशान की बेहतरीन गेंदबाजी का बड़ा योगदान रहा। इस मुकाबले में एशियन स्टार्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और इसके बाद 20 ओवर में 6 विकेट पर 186 रन का अच्छा स्कोर खड़ा दिया। इसके जवाब में पाकिस्तान पैंथर्स की टीम की बल्लेबाजी एशियन स्टार्स की गेंदबाजी के सामने पूरी तरह से बिखर गई और ये टीम 20 ओवर में 101 रन के स्कोर पर ही सिमट गई। दिलशान हालांकि इस मैच में डक पर आउट हुए।

### कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत को 10 मिनट में दूसरा गोल्ड

## प्रीति के बाद जैस्मिन ने बॉक्सिंग का फाइनल जीता



**ग्लासगो (एजेंसी)।** कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत ने सातवां गोल्ड मेडल जीत लिया है। जैस्मिन लांबोरिया ने विमेंस बॉक्सिंग की 57 केजी कैटेगरी के फाइनल में नॉर्दर्न आयरलैंड की मिकाएला वॉल्स को हराकर गोल्ड जीता। इससे पहले विमेंस बॉक्सिंग के 54 केजी वर्ग में प्रीति पवार ने कनाडा की सवाना डोलमागो को हराकर गोल्ड अपने नाम किया था। इसके साथ ही भारत के 7 गोल्ड सहित कुल 27 मेडल हो गए हैं। भारत मेडल टैली में छठे स्थान पर पहुंच गया है।वहीं, भारत के 8 और मुक्केबाज गोल्ड मेडल के लिए फाइनल में उतरेंगे।

### ट्रिपल जंप में भारत के दो और मेडल

भारत ने पुरुष ट्रिपल जंप में दो और मेडल जीत लिए हैं। प्रवीण चित्रावेल ने 16.58 मीटर के जंप अटैम्प्ट के साथ सिल्वर अपने नाम किया। वहीं, भारत के ही सेल्वा प्रभु ने 16.52 के बेस्ट अटैम्प्ट के साथ ब्रॉन्ज जीता। इस इवेंट का गोल्ड जाम्बिया के जॉर्डन स्कॉट ने जीता। उनका बेस्ट अटैम्प्ट 16.72 मीटर का रहा।



## जसपाल राणा से अभिवन बिंद्रा तक...

### 12 भारतीयों ने कॉमनवेल्थ गेम्स में जीते 5 से ज्यादा मेडल, पांच ओलंपिक मेडलिस्ट भी बने

**नई दिल्ली।** कॉमनवेल्थ गेम्स के इतिहास में ऐसे कई खिलाड़ी हुए हैं जिन्होंने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस इवेंट में भारत के लिए मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं हैं, लेकिन 5 या उससे ज्यादा पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की संख्या काफी कम है। भारतीय खिलाड़ियों ने वैसे तो कॉमनवेल्थ गेम्स में कई प्रतियोगिताओं में मेजल जीतने का कमाल किया है, लेकिन सबसे ज्यादा सफलता भारतीय खिलाड़ियों को शूटिंग में ही मिली है और आंकड़े इस बात की गवाही दे रहे हैं।

**जसपाल राणा ने जीते सबसे ज्यादा 15 पदक–** कॉमवेल्थगेम्स गेम्स के इतिहास में ऐसे कौन-कौन खिलाड़ियों हैं जिन्होंने भारत के लिए 5 या उससे ज्यादा मेडल जीतने का कमाल किया है हम ऐसे 12 खिलाड़ियों का जिक्र करने जा रहे हैं और यही नहीं इन 12 खिलाड़ियों में 5 ऐसे भी हैं जिन्होंने ओलंपिक में भी देश के लिए मेडल जीते हैं। कॉमवेल्थगेम्स गेम्स में भारत के



लिए सबसे ज्यादा मेडल जीतने का कमाल पूर्व भारतीय शूटर जसपाल राणा ने किया था जिन्होंने कुल 15 पदक अपने नाम किए थे जिसमें 9 गोल्ड, 4 सिल्वर और 2 ब्रान्ज मेडल शामिल थे। हालांकि राणा कभी देश के लिए ओलंपिक मेडल नहीं जीत पाए थे।

**समरेश जंग ने भी लहराया परचम–** समरेश जंग ने भी कॉमवेल्थगेम्स गेम्स में अपना परचम जब-जब मौका मिला लहराया और उन्होंने कुल 14 पदक देश के लिए जीते थे जिसमें 7 गोल्ड, 5 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज शामिल थे। हालांकि समरेश भी कभी ओलंपिक में कोई मेडल नहीं जीत पाए। भारत के स्टार टेबल टेनिस प्लेयर अचंता शरत कमल ने भी कॉमवेल्थगेम्स गेम्स में में अपना लोहा मनवाया था और 13 पदक इसकी गवाही देते हैं। उन्होंने कॉमवेल्थगेम्स गेम्स में में कुल 7 गोल्ड, 3 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज मेडल जीते थे। गगन नारंग ने भी कॉमवेल्थगेम्स गेम्स में 10 मेडल जीते थे और उन्होंने 2012 ओलंपिक में भी देश के लिए ब्रॉन्ज मेडल जीतने का कमाल किया था।

**अभिनव बिंद्रा के नाम कॉमवेल्थगेम्स गेम्स में 7 पदक–** भारतीय शूटिंग के सरताज अभिनव बिंद्रा ने कॉमवेल्थगेम्स गेम्स में देश के लिए कुल 7 मेडल जीतने का कमाल किया था जिसमें 4 गोल्ड, 2 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज शामिल थे तो वहीं अभिनव ने साल 2008 ओलंपिक में देश के लिए गोल्ड मेडल जीतने का कमाल किया था। शूटर तेजस्विनी सावंत ने भी कॉमवेल्थगेम्स गेम्स में भारत के लिए कुल 7 मेडल जीते थे जबकि विजय कुमार ने 6 मेडल जीतने का कमाल किया था और विजय ने 2012 ओलंपिक में भी भारत के लिए सिल्वर जीता था।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com